इस बुरे युग का ईश्वर

[भाई ओरमन नेविल कहते हैं:]

[यह रिपोर्ट, डीकन की संयुक्त बैठक के बाद है और भवन के ट्रस्टी बोर्ड जो शुक्रवार की रात को थी, हम इस प्रस्ताव को पढ़ रहे हैं, जो हर पुरुष, हर महिला से संबंधित होंगे, यह इस सेवकाई के एक समर्थित अनुकरण करने वाले है, बोर्ड, पास्टर और सहयोगी पास्टर के मन की बात को जानना चाहेंगे, मैं आज सुबह इन प्रस्ताव को पढ़ता हूं। हर कोई जितना हो सके उस पर गंभीरता से सुने और उस पर ध्यान दें।]

[**ये प्रस्ताव ट्रस्टी बोर्ड के द्वारा बनाए और पारित किए गए थे, और पास्टर और सहयोगी पास्टर के साथ डीकन पूर्ण सहमति में है।**]

[1: आदरणीय विलियम ब्रंहम के उपदेशों के सभी टेप केवल फ्रेड सोथमैन के द्वारा बनाए जाने हैं, जब तक कि बोर्ड के द्वारा आगे अधिसूचित नहीं किया जाता है। हम इस समय किसी भी मुफ्त टेप सेवकाई को मान्यता नहीं देते हैं। ये टेप मताधिकार हैं, और फ्रेड सोथमैन के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा पुन: प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है उनकी लिखित अनुमति के बिना।]

[2: कोई भी व्यक्ति सभा को आयोजित नहीं करेगा, किताबें या टेप, लिखित पुस्तिका नहीं बेचेगा, प्रार्थना के कपड़ों को देना या किसी भी प्रकार के कार्ड देना, या किसी उपहार की याचना करना, इस कलीसिया या इसके पास्टर के द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। वे झूठे दावे के नीचे ऐसा कर रहे हैं, और उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं दिया गया है।]

[3: यह कलीसिया अपने पास्टर आदरणीय विलियम ब्रंहम के अलावा किसी भी अन्य सेवक को बाहर नहीं भेजता है, कि कहीं भी और सभाओं को रखे।]

[इन प्रस्तावों के कारण इस प्रकार हैं:]

[यह हमारे ध्यान में लाया गया है कि सेवक लोग देश को पार करके अन्य संगति में प्रवेश करते है, यह कहते हुए कि वे इससे जुड़े हुए

हैं, और इस कलीसिया के द्वारा भेजे गए हैं इन सभाओं को रखने के लिए।]

[हमारे ध्यान में यह भी लाया गया है कि लोग कार्ड और पुस्तिका छाप रहे हैं, प्रार्थना के कपड़े और इत्यादि बाहर भेज रहे है। मानो उन्हें इस कलीसिया और इसके पास्टर के द्वारा ऐसा करने के लिए अधिकार दिया गया था, जो कि सच नहीं है। यह सराहनीय होगा यदि आप ऐसा करते हुए पाए जाने वाले किसी व्यक्ति की कलीसिया को सूचित करेंगे।]

[इन प्रस्तावों को पास्टर आदरणीय विलियम ब्रंहम के द्वारा पढ़ा गया और मंजूर किया गया है, सहयोगी पास्टर, आदरणीय ऑरमन नेविल, और ट्रस्टी और डीकन बोर्ड के द्वारा।]

["होने पाए प्रभु आपको आशीष दे।"—सम्पा।]

[शाम की सभा में, 65–0801E, भाई ब्रंहम बताते हैं कि किस तरह से कलीसिया बोर्ड ने ये निर्णय लिए। टेप पर खाली जगह।]

... संभव है, केवल विश्वास करो;
केवल विश्वास, केवल विश्वास करो,
सारी बातें संभव है, केवल विश्वास...

आइये अपने सिरों को झुकाये।

प्रिय स्वर्गीय पिता, आज प्रातः हम आभारी है कि हम विश्वास कर सकते है। आपके पुत्र, यीशु, के लहू बहाने के द्वारा यह संभव हो सका, ताकि हम उसके अनुग्रह के सहभागी हो; और परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां हो जाये, उसकी आज्ञाकरिता के द्वारा क्रूस पर मरा, उस पर विश्वास करने के द्वारा न्यायोचित हुये और उसका पुनरुत्थान, और अब पवित्र आत्मा हमारे ह्रदयो में उड़ेला है।

2 हम इस सुअवसर के लिए आभारी है कि यहां इस प्रातः अपने विचारों में सहभागी होने आए है, और हमारा गीतों, गवाहियों, और भजन संहिता पढ़ने, आपके वचन को पढ़ने के द्वारा, और सत्य भाव से पवित्र आत्मा की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि इस ठहराये समय के लिए संदेश दे। प्रभु, इसे प्रदान करें। होने पाए आज यहां होना हमारे लिए लाभदायक हो। और जब हम भवन छोड़े, तो हम भी इम्माऊस से आने वाले लोगों के समान कहे, "क्या

आज प्रातः जब वह बोल रहा था तो हमारे हृदय हमारे अंदर उत्तेजित ना हो रहे थे? " अनंत परमेश्वर, इन सब बातों को ग्रहण करें, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

बैठ जाए।

3 शुभ प्रातः, मित्रों, यहां इस आराधनालय में और हमारे मित्र जो वहां समस्त राष्ट्र में है, पश्चिमी किनारे से लेकर, फिर से इस प्रातः पूर्वी किनारे पर, और उत्तर और दक्षिण, टेलीफोन संचार व्यवस्था पर।

4 यहां इंडियाना में ये अच्छा दिन है, थोड़े–थोड़े, हलके बादल, ठंडा, बहुत अच्छा। आराधनालय बाहर, और चारों तरफ दीवारों तक भरा हुआ है। हम लोग महान आशा में है कि प्रभु आज यहाँ पर आएगा। और हम आशा करते हैं कि परमेश्वर हमें अच्छा दिन देगा आप जहां भी है। और ये अच्छा दिन है, जो प्रभु ने दिया है। कोई मतलब नहीं कि मौसम कैसा है, यह अच्छा दिन है। यहां आकर हम आनंदित है, अब भी आनंदित है कि हमारे विश्वास को यीशु मसीह में संसार पर प्रगट करें। और हम पर सुअवसर को लेना चाहते हैं कि उसके प्रेम को प्रगट करें और उसने हमारे लिए क्या किया है। आज हम...

5 मुझे कुछ ही क्षण पहले एक—एक घोषणा करने को दी गई, और फिर यहां मेरे पास कुछ चीजें हैं जो मैं कहना चाहता हूं। और उसमें से एक, घोषणा जो मुझे दी गयी उस बोर्ड सभा के विषय में जो उस रात्रि को हुई। और वहां उस कलीसिया से एक डिकन जो एरीजोना में बस गया है, जो कि भाई कोलिन्स, हमारा अच्छा भाई है। और जबकि वह दूर है, उन्होंने, बोर्ड ने भाई चार्ली कोक्स को उसके स्थान पर नियुक्त किया है जबकि वह चला गया है। और भाई चार्ली कोक्स वैधानिक रीती पर ट्रस्टी द्वारा नियुक्त किए गए है... या इस कलीसिया के डिकन बोर्ड, भाई कोलिन्स का कार्यभार लेने के लिए, उनकी अनुपस्थिति में।

6 और एक बात जो मैं फिर से कहना चाहता हूं, मैं आप सब लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि आप में से बहुत से आज रात्रि चंगाई सभा से पहले घर जाना चाहते हैं, अच्छे छोटे उपहारों की यादगारे। जब से हम यहां पर है बहुत सारा खाना हमारे लिए लाया गया। मैं और मेरी पत्नी और मेरी ओर से, और मेरा परिवार, निश्चय ही इसकी सराहना करते हैं। कभी–कभी मैं इस विषय में कुछ भी कहने को भूल जाता हूं। आप जानते हैं, ये

इतना व्यस्त है। मेरा मस्तिष्क सारे समय घूमता रहता है। आप कल्पना कर सकते हैं कि ये क्या है लोग, केवल यही से नहीं इस कलीसिया से परंतु समस्त संसार से। समझे? और ये एक प्रकार से आपको सारे समय घुमाए रखता है।

7 कोई बालकों के समर्पण के बारे में कह रहा था, और बपतिस्मे की सभाएं, और आदि–आदि। ये बहुत अच्छा है। मैं चाहता हूं कि यह कर सकूं, परंतु ये इतना मिला–जुला है, कठिन है, कि मेरे—मेरे पास समय हो। मैं अपना मस्तिष्क ठीक इस पर इस संदेश पर रखे रहूं। आप जानते हैं बाईबल ने चेलों से कहा, या... चेलों ने, बल्कि, बाईबल में, कहा, "जाओ, स्वयं अपने बीच ढूंढो, एक व्यक्ति सम्मानित, और ईमानदार और पवित्र आत्मा से भरा हुआ, ताकि वे मामलों को देखभाल सके।" और मैंने बिली को बताया...

उसने कहा, "पिताजी, क्या आप इस बार बालकों को समर्पित करने जा रहे हैं? "

मैंने कहा, "ओह, प्रभु!" समझें? यदि... हमारे पास बहुत से हैं जो समर्पण के लिए प्रतीक्षा कर रहे है, और यह ठीक बात है, मुझे बस एक बार आना पड़ेगा कि बालकों के समर्पण के लिए विशेष दिन रखूँ। इसलिए कि मैं यह करना चाहता हूं, अब।

8 परंतु हम प्रत्येक को ह्रदय से धन्यवाद देना चाहते है; पत्नी, और मैं, और हमारा परिवार। लोग हमारे लिए डिब्बाबंद सामान लाये, ताजी फलियां, तरबूज, खरबूजा, ओह, स्ट्रौबरी याने हिसालू। बस कोई भी चीज जो सोची जा सकती, वे लेकर आए।

9 बहुमूल्य भाई और उनकी पत्नी उस दिन हमारे लिए एक बड़ी टर्की लेकर आए। मैं अब भी खा रहा हूं। और ऐसे बस... ओह, मैं समझता हूं, छोड़ने से पहले मुझे इसे साफ करना है। यदि मैं नहीं करता हूं, तो वह इसे अपने साथ ले जायेगी। और सो—सो हम... हम इन चीजों के लिए निश्चय ही हम सराहना करते हैं। मैं बहुत से लोगों को जानता हूं; कुछ को मैं नहीं जानता। जब हम भीतर आए तो वे द्वार मंडप में रखेंगे। और इसलिए मैं वास्तव में इसकी सराहना करता हूं।

और बहुतों को मैं जानता हूं। मेरे पास... मैंने बहुतों को देखा है, और बहुत से हैं जिन्हें मैं नहीं देख पाता हूं। मैं—मैं निश्चित हूं कि हर कोई

समझता है कि मैं प्रत्येक के लिए लाना चाहता हूं यदि मैं—मैं कर सकता होता, परंतु मैं एक ही हूं। समझे? कि... मैं प्रत्येक को नहीं ले सकता। मैं सब कुछ कर रहा हूं मैं जानता हूं कि इसे कैसे करूं।

10 इसलिए, परमेश्वर आपके साथ हो। मैं निश्चित हूं कि एक आपके साथ होगा; वह यीशु मसीह, और वह हो सकता है। केवल वही व्यक्ति है जो सर्वव्यापी है। और वह सर्वशक्तिमान भी है, इसलिए वह हर आवश्यकता को पूरा कर सकता है। और, सब कुछ जानने वाला भी, आपकी आवश्यकताओं को जानता है कि आपकी क्या आवश्यकता है।

11 मैं प्रत्येक को आज्ञा देता हूं कि मैं नहीं करूंगा... मैं जितनी जल्दी पा सकता था मैं पा रहा था, यहां तक कि जब से मैं इस प्रातः यहां पर हूं, मैं हर एक को लूंगा जो मैं ले सकता हूं। और यदि... जो मैं चूकता हूं, सर्वशक्तिमान परमेश्वर आपकी सारी आवश्यकताओ को अपनी महिमा के धन के अनुसार देगा—देगा।

12 (मैं इसे बहुत भली प्रकार से नहीं पढ़ सकता। क्या आप इसे पढेंगे?) ये एक प्रकार की विशेष घोषणा है। और मैं सोचता हूं बिली पॉल को ये लिख लेना चाहिए। इसलिए वह मेरे समान है; यहां तक कि मैं अपनी लिखाई भी नहीं पढ़ सकता। और इस प्रकार से अपनी शॉर्ट हैंड है। और यदि आप मेरे यहां कुछ एक विषय, वाक्य देखे, यहां लिखे हुए है, आप सोचते है आप कभी इन्हें समझ पाएंगे? मैं सितारे के समान हूं, पुल पार करता हूं, और आदि–आदि, बस सब...

[भाई नेविल पढते है, "अर्कांसस के भाई अडायर को भाई पैरी ग्रीन से मिलने के लिए कहें तुरंत ही कलीसिया के पीछे।"—सम्पा।] भाई अदेर, अरकांसस वाले अदेर, आदरणीय पैरी ग्रीन से आराधनालय के पीछे जाकर तुरंत मिले। ठीक है।

13 अब, तो दूसरी बात जिसकी मैं यहां पर घोषणा करना चाहता—चाहता हूं वह ये है—है, अब आज रात्रि को हमारी चंगाई की सभा है। आज रात्रि हम रोगियों के लिए प्रार्थना करने जा रहे है, और इसलिए मैं—मैं विश्वास करता हूं कि आप यहां पर होंगे।

14 और हम सब लोगों को शुभकामनायें भेजते हैं वहां समस्त राष्ट्र में, यीशु मसीह के नाम में, कि परमेश्वर आपको इस प्रातः आशीष दे। आपमें से कुछ दोपहर तक होंगे। वहां न्यूयार्क में, लगभग दोपहर का समय है। और

एरीजोना में, पश्चिमी किनारे पर, ये केवल लगभग सात ही बजे है। इसलिए वहां... और यहां हम बीच में है। इसलिए परमेश्वर आपको आशीष दे जैसे आप सुनते हैं। अब यह हो सकता है...

मैंने इसे अपने ह्रदय पर ले लिया है, जबकि यहां...

15 और सभागार के लिए अनुमति नहीं मिली, और अंत में एक प्रकार से अनुमति दे दी; हम एक सभा कर सकते है, परंतु हमें बीमारों के लिए प्रार्थना नहीं करनी है। मैं—मैं नहीं जानता... ये मेरी सेवकाई है। मुझे वही करना है जो पवित्र आत्मा मुझे करने के लिए बताता है। इसलिए मैंने—मैंने इसे मना किया, क्योंकि जो पवित्र आत्मा करने को कहता है तो मैं वह स्वतंत्रता चाहता हूं। समझे? इसलिए मैंने सोचा कि एक दिन और दुःख उठाए, आराधनालय में, जो भी है। और आज की प्रातः ठंडी है। प्रभु ने हमारे लिए यहां एक अच्छा दिन बनाया है, इसलिए हम धन्यवादित है।

16 अब, यह करते हुए, मैं यहां अंतिम कटोरे, अंतिम सात कटोरे की शिक्षा देने के उद्देश्य से आया हूं, और अंतिम सात तुरहियाँ, और अंतिम सात गर्जनाये, प्रकाशितवाक्य पुस्तक की, इस घड़ी में, इन्हें एक साथ करने का यत्न कर रहा हूं जिसमें हम जीवित है; कि सात मोहरों का खुलना, सात कलीसिया काल को जारी रखे। ताकि, इसे करने के लिए हमें स्थान मिल सके। इसलिए मैं—मैं यह आशा करता हूं, जितनी जल्द मैं कर सकता हूं, हम करेंगे... इसके लिए पर्याप्त स्थान पा सकते हैं, यहां लुईसविले, न्यू अल्बनी में, या एक तंबू को लगाए, ताकि हम जितनी देर हो सकती है हमें जब तक प्रभु करने की अगुवाई करता है।

17 परंतु अब इसमें, मैं लोगों पर अपने विश्वास को प्रगट करने का सुअवसर लेता हूं और परमेश्वर पर विश्वास, और फिर आपको जिस घड़ी में हम जी रहे हैं आपको वहां लाऊंगा। और इसके द्वारा, यह किसी व्यक्ति विशेष, मतसार, जो भी थे, हो सकता है नियुक्त नहीं है; यह वैसे ही जैसा मैं परमेश्वर का वचन देखता हूं। और पिछले रविवार को हमारे पास वचन पर आत्मा का बहुत ही अच्छा उंडेला जाना था। ये बहुत ही लंबा था, और मुझे इतना रुकना अच्छा नहीं लगता; परंतु फिर भी हम नहीं जानते कि अंतिम बार हम कब मिलने जा रहे है। और हमें चाहिए, जैसे... चाहता हूं। मैं चाहता हूं, बल्कि, जैसे पूर्वज पौलूस ने कहा, "मैं तुम्हें परमेश्वर की

पूरी मनसा को बताने से नहीं झिझका।" यीशु ने कहा उसने उसके चेलों से कुछ भी नहीं छिपाया।

और जैसे कि मैं पवित्र आत्मा के अभिषेक के नीचे रुके रहने में इतना व्यस्त हूं, कि जानूं कौन सी वो—वो घड़ी, समय का सन्देश कभी–कभी, मैं मसीह के दास के रूप में कर्तव्य को करने में असफल हो जाता हूं, एक सेवक की नाई। परंतु मेरे पास बहुत से व्यक्ति है जो इसे करने में मेरी सहायता करते हैं, जिसके लिए मैं धन्यवादित हूं, अपने सारे सेवक भाइयों का।

18 अब, मेरा अर्थ लोगों को रोक कर रखना नहीं है। यदि आप, कहीं बाहर है जहां संदेश चल रहा है, खड़े होकर और इस प्रात: इस आराधनालय को देख सकते है, गलियारे, नर्सरी, बाहर की तरफ, रेडियो चले हुए, बसों में, ढेलो में, और आदि, और कारों में, आप देखेंगे कि समस्या क्या है। और फिर प्रत्येक सभा बहुत, बहुत सारे यात्रा करके; और बुला कर, और आदि–आदि, वे भीतर ना आ सके। और हमें अधिक स्थान की आवश्यकता है ताकि लोग बैठ सके और आराम में हो।

और फिर उन्हें एक—एक संदेश में लाऊं जो कि मैं सोचता हूं इतना आवश्यक है, मैं अनुभव करता हूं हमें चाहिए, प्रत्येक को कि आराम में हो और बैठे, और ताकि हम सुन सके; अपने कागज और पेंसिल, और नोट और बाईबल और आदि–आदि, कि विशेष बातें वो—वो लिखा करें। परंतु इस तरह मैंने सोचा मैं समय पर वापस जाऊंगा जो हमारे पास है, जिसमें हम रह रहे है, और कुछ चीजों को लाऊंगा जिनसे आपका सामना होने जा रहा है। और आपको इनकी आवश्यकता पड़ने वाली है।

19 यदि आज मैं यहां आऊं, या किसी और दिन, या कोई दूसरा सेवक, जो लोगों के पास संदेश लाने का यत्न करें, मरते हुए लोग जैसे हम हैं, और समय कम और समीप है, जैसे कि मैं आज के दिन के लिए विश्वास करता हूं; मैं एक ढोंगी होऊंगा यदि मैं कुछ ऐसा लाने का यत्न करूं जिसे मैं जानता हूं कि आप इससे प्रसन्न होंगे और वह परमेश्वर के वचन के विरोध में हो, या कुछ तो कि भीड़ को खीचूं, या—या ऐसा ही कुछ तो; मैं—मैं नहीं होऊंगा... मैं नहीं होऊंगा जिसके लिए मैं—मैं यहां हूं, कि मसीह की सेवा करूं। मैं कुछ लाना चाहता हूं जो मैं सोचता हूं आपके लिए अति आवश्यक है, ना कि केवल दिखाई पड़ना; परंतु सोचते हुए ये कुछ ऐसा

यदि मैं आज कल मर जाऊं, ये आपके ह्रदय में घर कर जाये और बढ़े और परमेश्वर की सेवा हो।

20 अब मैं यह कहना चाहता हूं कि कुछ है जो तैयार हो रहा है कि घटित हो। मैं यह जानता हूं। आप में से बहुतों को समरण होगा जब भाई जूनियर जैक्सन मेरे पास आए मेरे एरीजोना की ओर जाने के थोड़ा पहले, एक स्वप्न जो उन्होंने देखा था। विचित्र बात! कितनों को यह याद है? [सभा, कहती है, "आमीन"—सम्पा।] और प्रभु ने हमें अनुवाद दिया और अक्षर-अक्ष यह घटित हुआ। अब, उसे तब दूसरा स्वप्न दिखाई दिया था, कुछ तो।

21 और अजीब बात, एक व्यक्ति उस दिन यहाँ पर था, जो ओरीगान से था। शायद ही मुझे जानता हो और... और बिल्कुल वही स्वप्न देखा, जो जूनियर जैक्सन ने देखा था, और—और आकर मुझे बताया। मैं—मैं इसका अनुवाद नहीं जानता; मैं प्रभु कि प्रतीक्षा कर रहा हूं। परंतु मैं जानता हूं ये कुछ परमेश्वर की ओर से होने जा रहा है। इसे याद रखें। ये **यहोवा यों कहता है,** है। ये कुछ परमेश्वर की ओर से आ रहा है। मैं नहीं जानता ये क्या है। वास्तव में आक्रमण, बहुत ही प्रभावशाली! खुले रुप में, दोनों व्यक्ति के उस—उस स्वप्न के अनुसार... उनमें से एक मैं... वो बैपटिस्ट या प्रेसपिटेरियन हो सकता है। आज प्रातः वह—वह यहां पर बैठा हुआ हो सकता है। मैं नहीं जानता। उस दिन वह यहां पर था। मैं उस मनुष्य को नहीं जानता।

22 परंतु उसने अपना स्वप्न आंखों में आंसुओं के साथ बताया। और इसने उसे हिला दिया। वह इसे इतने दूर से यहां ओरीगांव से बताने आया। इस प्रकार से, आज प्रातः भाई जैकसन अंदर आए। एक आदमी दूसरे को नहीं जानता; एक, दूसरे से हजारों मील दूर है, और दोनों ने बिल्कुल एक ही चीज को स्वप्न में देखा। सो पवित्र आत्मा मुझे अनुवाद को करने से रोके हुए है। मैं नहीं जानता उस मनुष्य को क्या बताऊं। परंतु मैं जानता हूं परमेश्वर कुछ करने जा रहा है, और यह हमारे दृष्टि में शानदार होगा।

23 अब, आज प्रातः का संदेश, मैं गलतियों की पुस्तक में से पढ़ना चाहता हूं। मैं प्रचार नहीं करता या बस... ये एक संडे स्कूल का पाठ है। और अब, आप पुरुषों और महिलाओं जो दीवार के साथ-साथ खड़े हैं, और कोई व्यक्ति उठना चाहता है और आपको थोड़ी देर के लिए बैठने दे, या कुछ भी, अब, आप मुझे परेशान नहीं करेंगे; बस श्रद्धा में रहे। और यदि मातायें,

यदि उनके बालक रोते है या कुछ, तब कोई तो नर्सरी से बाहर आयेगा ताकि उनको अपने बालकों के लिए स्थान मिल सके।

24 और अब आप अपनी पेंसिल बाईबल लेकर तैयार रहें, ताकि कुछ वचनों को लिख सके जो हम पढ़ेंगे। मैं नहीं चाहता कि आप स्वयं को बंधन में अनुभव करें। मैं चाहता हूं आप—मैं चाहता हूं आप स्वतंत्र अनुभव करें और अध्ययन करें। और आप असहमत हो सकते हैं, जो कि ठीक है। परंतु मैं यह इस प्रातः समस्त राष्ट्र से बोल रहा हूं, ताकि जिन लोगों ने विश्वास किया है संदेश का जो प्रभु यीशु ने मुझे इस घड़ी के लिए दिया है, जान सके कि क्या घटित हो रहा है, और इसे वचन में देखें।

25 पिछले रविवार हमने *अंतिम दिन के अभिषिक्त जन* पर बोला था। और यदि आप, आप में से कोई, टेप सुनने वाले हो, तो इस टेप को अवश्य ले। ऐसा नहीं कि हम टेपो को बेचना चाहते हैं; ये विचार नहीं है। इसका अभिप्राय संदेश को पहुंचाना है। समझे? समझे? यदि आपके पास टेप चलने का यंत्र है, तो लोगों को जमा करें, और इसे चलाये, और ध्यान से सुने। "अभिषिक्त किए हुए।"

26 आप सुनते होंगे लोग उठ कर और कहते है, "ओह, बाईबल ने कहा, 'अन्तिम दिनों में झूठे भविष्यवक्ता उठ खड़े होंगे और इन चिन्हों को दिखाएंगे।'" बिल्कुल यही वचन है। तो फिर यह कहां लागू होता है? इसे ठीक प्रकार लागू से होना चाहिए।

आज रात्रि यदि प्रभु ने चाहा, तो मैं बोलना चाहता हूं: *परमेश्वर अपने ही वचन में प्रगट हुआ,* कैसे आंख को नहीं लगाया जा सकता जहां कानों को होना चाहिए। समझे? जैसे कि सारी बाईबल छापी गई है, और, सारी बाईबल में, यीशु मसीह का चित्रण है। इसलिए आज रात्रि मैं इस पर बोलना चाहता हूं, प्रभु ने चाहा तो। और अब, यदि नही तो कभी बाद की तारीख में।

27 अब गलतियों की पुस्तक में। और दूसरे कुरिन्थियों की पुस्तक में 4:1 से 6 तक, फिर गलतियो 1:1 से 4 तक, मैं कुछ वचन को पढ़ना चाहता हूं। अब गलतियों 1:1 से 4, "पौलुस, एक प्रेरित," रुकिए जल्द से ध्यान दें। *प्रेरित* का अर्थ होता है "एक जो भेजा हुआ," या, "एक मशीनरी।"

> *पौलूस, एक प्रेरित, (जो ना मनुष्यों की ओर से और ना मनुष्य के द्वारा, लेकिन... यीशु मसीह और परमेश्वर पिता के द्वारा, जिसने ने उसे मरे हुओं में से जिलाया;)*

और सारे भाइयों की ओर से जो मेरे साथ है, गलतियों की कलीसियाओ के नाम:

परमेश्वर पिता, और हमारे प्रभु यीशु मसीह की ओर से, *तुम्हे अनुग्रह और शांति मिलती रहे,*

उसी ने अपने आप को हमारे पापो के लिए दे दिया, हमें इस वर्तमान बुरे संसार से छुडाये, ताकि हमारे परमेश्वर... और पिता की इच्छा के अनुसार:

उसकी स्तुति और बढ़ाई युगानुयुग होती रहे। आमीन।

28 अब दूसरा कुरिन्थियों की किताब में, 4था अध्याय, और हम 1 से 6 पदों तक पढ़ने जा रहे हैं।

इसलिए जब हम पर ऐसी दया हुई, कि हमें यह सेवा मिली, तो हम हियाव नहीं छोड़ते;

परंतु हमने लज्ञा के गुप्त कामों को त्याग दिया, और ना चतुराई से चलते और ना परमेश्वर के वचन में मिलावट करते है; परन्तु सत्य को प्रगट करके परमेश्वर के सामने हर एक मनुष्य के विवेक में अपनी भलाई बैठाते है।

परन्तु यदि हमारे सुसमाचार पर पर्दा पड़ा है तो यह *नाश होने वालो ही के लिए पड़ा है:*

यदि यह पहले से ठहराये वालों को नहीं लाता, मैं नहीं जानता कि क्या करता।

और उन अविश्वासियो के लिए जिन की बुद्धी को इस संसार के ईश्वर ने अन्धी कर दी है, ताकि मसीह जो परमेश्वर का प्रतिरूप है, उसके तेजोमय सुसमाचार का प्रकाश उन पर ना चमके।

ठीक वैसे ही जैसे ये अदन की वाटिका में था, "उन्हें अलग कर दिया, कही वे उस वृक्ष को छुए।"

क्योंकि हम अपने को नही, परन्तु मसीह यीशु को प्रचार करते है कि वह प्रभु है;... और अपने विषय में यह कहते हैं कि हम मसीह के *कारण तुम्हारे सेवक है।*

इसलिए कि परमेश्वर ही है, जिस ने कहा कि अंधकार में ज्योति चमके, और वही हमारे ह्रदयो में चमका कि परमेश्वर की महिमा की पहिचान की ज्योति यीशु मसीह के चेहरे से प्रकाशमान हो।

29 आमीन! इसलिए वचन पढ़े! अब इस प्रातः मेरा मूल पाठ है: *इस बुरे युग का ईश्वर।* जैसा कि हमने पवित्र वचन से पढ़ा, "इस संसार का ईश्वर, इस बुरे युग का।" अब, यह संदेश इस बुरे युग की बुराईयो की ओर संकेत करता है, और यह बुरे युग की भविष्यवाणी पर ठीक बैठता है।

और मेरा यह विश्वास है कि प्रत्येक... कि बाईबल हर बुरे युग का उत्तर है, जो कि बाईबल में पहले ही लिखा है, उस युग के विश्वासी के लिए। मैं विश्वास करता हूं कि हर वह चीज जिसकी हमें आवश्यकता है ठीक *यहां* पर लिखा है, केवल पवित्र आत्मा के द्वारा अनुवाद की आवश्यकता है। मैं ये विश्वास नहीं करता कि पृथ्वी पर किसी मनुष्य को अधिकार है कि अपने अनुवाद को इस वचन पर डाले। परमेश्वर को आवश्यकता नहीं कि उसके वचन को कोई अनुवाद करें। वह स्वयं ही अपना अनुवादक है। उसने कहा वह करेगा, और वह इसे करता है।

30 जैसा मैंने बहुत बार कहा। उसने कहा, "एक कुंवारी गर्भवती होगी," उसने इसे एक भविष्यवक्ता के होठों से कहा, और वह हुई। इसका अनुवाद किसी को नहीं करना था। आरंभ में, उसने कहा, "उजियाला हो जा," और वह हुआ। किसी को इसका अनुवाद नहीं करना था। उसने कहा, "अंत के दिनों में, वह अपना आत्मा सब प्राणियों पर उंडेलेगा," और उसने किया। इसके अनुवाद की कोई आवश्यकता नहीं। उसने कहा, "अन्त के दिनों में ये बातें" (जिनको हम अब घटित होते हुए देखते है) "वह यहां है।" इसके अनुवाद की आवश्यकता नहीं। यह पहले ही अनुवाद किया हुआ है। समझे?

31 अब, बहुत ध्यान दें अब जैसा कि हम वचन का अध्यन करते है। *इस बुरे युग का ईश्वर,* जिसमें हम अब जीवित है। विचित्र लग सकता है, बहुत ही विचित्र, इस अनुग्रह के युग में, जब, "परमेश्वर अपने नाम के लिए लोगों को ले रहा है," वह उसकी दुल्हन है, इस बुरे युग में जिसे दुष्टता का युग कहा जाना चाहिए। इस युग में "परमेश्वर अपने नाम के लिए लोगों को बुला रहा है," अनुग्रह से, बाहर और एक बुरा युग कहलाता है। अब, हम बाईबल के द्वारा सिद्ध करेंगे कि ये युग है जिसके विषय वह बोल रहा है । सोचने

में बहुत ही विचित्र बात है, कि इस प्रकार के बुरे युग में, वह परमेश्वर तब अपनी दुल्हन को बुला रहा होगा।

32 क्या आपने ध्यान दिया, उसने कहा, "एक लोग," ना कि "एक कलीसिया।" क्यों? फिर भी, यह कलीसिया विशेष कहलायी, परंतु वह "एक लोगों" को बुलाएगा। अब, एक कलीसिया बहुत से विभिन्न–विभिन्न प्रकार के लोगों का झुंड होता है। परंतु यहां परमेश्वर एक को बुला रहा है... उसने ये नहीं कहा, "मैं मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, पेंटीकोस्टल को बुलाऊंगा।" उसने कहा, वह एक लोगों को बुलाएगा। किस लिए? अपने नाम के लिए। देखिए, एक लोग; एक मैथोडिस्ट से, एक बैपटिस्ट से, एक लूथरन से, एक कैथोलिक से। समझे?

परन्तु वह बुला रहा है, कलीसिया के झुण्ड को नहीं, परन्तु "एक लोग उसके नाम के लिए," वह जो उसका नाम लेता है, उसके नाम से में जुड़ गया, उसके विवाह में उससे विवाहित होने जा रहा है, कि उसका भाग हो जाए, देखो, पहले से ठहराए जाने के द्वारा। एक मनुष्य के समान जो जीवन में सही पत्नी को चुनता है, उसकी देह का भाग होने के लिए ठहराई गई थी। ऐसे ही मसीह की दुल्हन होगी, पहले से ही अब है, परमेश्वर के द्वारा ठहराई गई कि उसकी देह का भाग हो। समझे? ओह, वचन बहुत ही भरपूर है, शहद से भरे हुए!

33 ध्यान दें, किसी ने क्या कहा, यह नहीं किसने क्या पुकारा; परंतु वह जो परमेश्वर ने संसार के रचने से पहले चुना, इन लोगों को अंत के दिनों में बुला रहा है; ना कि एक संस्था को। "उसके नाम के लिए एक लोग।" और यह बुरा युग है जब वह इसे कर रहा है, यही जो धोखे का युग है।

34 पिछले सप्ताह, मत्ती 24 में, सारे युगों से यह बहुत धोखे वाला है। सारे युग धोखे वाले, अदन की वाटिका से आरम्भ करके, वहां कोई भी युग इतना धोखे से भरा कभी नही हुआ जैसा कि यह युग है। "झूठे भविष्यवक्ता उठ खड़े होंगे और चिन्ह और चमत्कार दिखाएंगे, यदि हो सके तो चुनो हुओं को भरमा दे।" समझे? अब, बस एक ठंडे, कहलाने वाले, ढीठ कलिसियाये, और आदि–आदि, मनुष्य के द्वारा बनाया गया धर्मज्ञान, जो कि नहीं होगा; चुने हुए इस पर कभी भी ध्यान नहीं देंगे। परंतु यह वहां लगभग वास्तविक चीज के जैसा होगा। केवल एक वचन को छोड़ना बस यही एक आपको करना है। युग की प्रतिज्ञा; बहुत महान समय! मसीही लोगों, हर कहीं, इस

पर ध्यान दें जिस घड़ी में हम रह रहे है! निशान लगाये, और पढ़े, और ध्यान से सुने।

35 परमेश्वर अपने नाम के निमित्त इस बुरे युग के लोगों को क्या पुकारेगा? इसका ये कारण कि उसे परखे, अपनी दुल्हन को। यह... जब ये प्रगट की गई, परखी गई, सिद्ध की गई, शैतान पर सिद्ध की गई। जैसा कि यह आरंभ में था, ऐसा ही अन्त में होगा।

36 जैसे कि भूमि में एक बीज आरंभ होता है, ये संवाहक के द्वारा आता है, इसका जीवन, परंतु इसका अंत उसी बीज से होता है जो यह था जिसे जब भूमि में डाला गया।

और इसी प्रकार से अदन में धोखे का बीज भूमि में गिरा, उसी प्रकार के अंत के दिनों में इसका अंत होगा।

जैसे सुसमाचार जब यह नीसियन रोम में नामधारी में गिरा, ये इसका अंत एक बड़े संस्था में हुआ।

ठीक जैसे वहां कलीसिया का बीज गिरा, चिन्हों, और आश्चर्यकर्मो के साथ, और जीवंत मसीह उनके मध्य में, इसका अंत अंत के दिनों में मलाकी 4 की सेवकाई के नीचे होता है, और मूल विश्वास को फिर से वापस लाना विश्वास जो एक बार दिया गया।

37 अब हम पाते हैं, इस बुरे युग को शैतान पर सिद्ध करना, कि यह हवा के समान नहीं कि ये उस प्रकार की स्त्री नही है। और वह उसके वचन के द्वारा परखी जाएगी, दुल्हन, जैसे कि आदम की दुल्हन वचन के द्वारा परखी गई। और आदम की पत्नी ने हर एक वचन का विश्वास किया, सारे, परन्तु एक प्रतिज्ञा पर भ्रमित हो गई, कि, "वह कल, आज और सर्वदा एक सा है," आज, देखो; परंतु एक प्रतिज्ञा पर असफल हो गई, आमने–सामने, शत्रु के मोह में। और अब, वे लोग जो उसके नाम के कहलाते हैं, निस्संदेह, वह उसकी दुल्हन है। उसको उसी चीज के द्वारा उसके संपर्क में फिर आना है; ना कि नामधारी सत्य के द्वारा या कुछ, और परन्तु हर वचन!

38 क्योंकि, बाईबल के आरंभ में मनुष्य को जीवित रहने के लिए, परमेश्वर का वचन दिया गया। एक वचन का, एक—एक व्यक्ति के द्वारा गलत अनुवाद हुआ, जो शैतान कहलाया, उसका पशु व्यक्ति में सर्प कहलाया। शैतान, इस व्यक्ति में, हवा से बात कर सका, और वचन का अनुवाद उसे गलत दिया, और नष्ट किया था। देखिए, ये प्रत्येक वचन होना चाहिए।

39 बाईबल के मध्य में, यीशु आया और कहा, "मनुष्य केवल रोटी से ही जीवित नहीं रहेगा, लेकिन हर एक वचन के द्वारा," जब उसे शैतान के द्वारा परखा गया था।

अब, परमेश्वर हमें अंत के दिनों बता रहा है कि, "इस संसार का ईश्वर अंत के दिनों में उठेगा।"

"और जो कोई इसमें एक वचन मिलायेगा, या इसमें से एक वचन बाहर निकालेगा, उसका भाग जीवन की पुस्तक से ले लिया जाएगा।"

परमेश्वर हम पर दयावान हो! और हमें अकड़ में ना चलने दे, छाती बाहर निकाले सिर ऊंचा, सब जानते है, क्योंकि हम भी एक समय अवज्ञाकारी में थे। हम अनुग्रह और दया के साथ, और परमेश्वर की ओर अपने ह्रदय की भावना नम्रता के साथ अनुग्रह के सिंहासन के पास आते हैं।

40 अब विचित्र है, सुसमाचार के उन्नीस सौ वर्ष प्रचार के पश्चात, और अब वह, जो संसार की रीति है, इन दिनों में बहुत ही दृष्ट है जब वह, जब वह यहां पर था। संसार की रीति बहुत ही दुष्ट है। संसार महान चर्म सीमा की ओर बढ़ रहा है। आप ये जानते हैं। प्रभु अपना वचन पूरा कर रहा है हर प्रकार से।

41 कल, खड़ा हुआ था... मैं आशा करता हूं वह छोटा वाला नहीं... वह नहीं होगा। मैं अपनी पत्नी के साथ आया, और श्रीमती वुडस, भाई रॉय रोबरसन, यहीं कहीं, भाई वुडस। हम यहां छोटे यंगस्टोन शॉपिंग सेंटर पर रुके हुए थे, कि इस एक—एक बंडल को ले जो बहन वुड के पास था। और फिर... जबकि हम वहां खड़े हुए थे एक युवक चलता हुआ आया और स्वयं का परिचय करवाया, मेरे लिए एक अपरिचित था। दूसरा युवक पुरुष आया और कहा कि वे एलाबामा या जोर्ज से थे–... मेरा विश्वास है जॉर्जियो से, क्योंकि मैंने उनसे पूछा था कि यदि वे हमारे भाई विलय एवांस को जानते हैं। और हमने कुछ मिनटों तक बातें की। और जब मैं छोड़ने गया, तो इस युवक ने मेरी ओर देखा। और जैसे कि दूसरा युवा व्यक्ति और उसका छोटा लड़का चले गए, तो इस युवा व्यक्ति ने मेरे ओर देखा। उसने कहा, "बस एक बात मैं कहना चाहता हूं।"

मैंने कहा, "क्या—क्या आप एक विश्वासी है? क्या आप एक मसीही है? "

बोला, "नहीं, श्रीमान।" उसने कहा, "मैं... "

42 मैं यहां उसी शब्द को यहां उच्चरित नहीं कर सकूंगा, परंतु वह थोड़ा सा अविश्वासी हो सकता है। मैंने प्रभु के स्वर्ग दूत के प्रगट होने की चीजों के विषय में उससे पूछा था। और उसने कहा कि उसने इस विषय में सुना था, परंतु वह इस आराधनालय से पहले कभी किसी आराधनालय में नहीं गया। मैंने कहा, "क्या तुम इसका विश्वास करते हो? "

कहा, "हां, श्रीमान।" उसने कहा, "मैं—मैं किसी चीज को देख रहा था।" कहा, "लोग मुझे इन भविष्यवाणियों के विषय में बता रहे है और चीजें, और मैंने टेप पर सुना है कि आपने भविष्यवाणी की है कि कैसे कैलिफोर्निया दरार पड़ के अलग होगा इस प्रकार से।" और कहा, "जब मैंने यह अखबार में देखा, तो मैंने इसका विश्वास किया।" उसने कहा, "मैं आज या कल आ रहा हूं, " जो कि आज है, "मैं पहली बार।"

मैंने कहा, "पुत्र, प्रभु तुम्हें आशीष दें," और उससे हाथ मिलाना आरंभ किया।

उसने कहा, "परंतु मैं आपसे यह कहना चाहता हूं, श्रीमान।" उसने कहा, "मैं उतना ही नष्ट हूं जितना हो सकता हूं।" उसने कहा, "मैं रेत के ढेर में खोया हुए सिक्के जैसा हूं!"

43 मैंने कहा, "परंतु तुम्हें इस प्रकार पड़े नहीं रहना है। कोई अब यहां खड़ा हुआ उपस्थित है जो कि तुम्हें एक मिनट में ढूंढ सकता है यदि तुम मिलने के लिए तैयार हो।"

उसने कहा, "मैं तैयार हूं।"

मैंने कहा, "क्या तुम अपना सिर झुकाओगे? "

उसने कहा, "मैं लज्जित नहीं हूं।"

केवल यही नहीं, परन्तु वह अपने घुटनों के बल हो गया, वहां उस पार्किंग स्थल में, सब लोगों के सामने। सड़क पर लोग उसे देख रहे थे। वहां हमने उसके साथ प्रार्थना की, जब तक उसने अपना ह्रदय प्रभु को नहीं दे दिया। वह आया, एक पापी; परमेश्वर के बालक के समान वापस गया। वह कार की एक ओर मृत हो गया; और जीवित वापस गया।

44 मैंने कहा, "कल तालाब खुलेगा।"

वहां एक चश्मा है लहू से भरा हुआ,
इम्मेनुएल की शिराओ से आता है,
जहां पापी जन उसके अंदर गोता लगाते,
अपने सारे दाग को धो डालते है।

मैंने कहा, "उठकर और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लो, प्रभु के नाम पुकारने पर। परमेश्वर तुम्हें पवित्र आत्मा से भर देगा, और तुम्हें ये महान चीजे देगा, और तुम्हें ऐसा बना देगा ताकि तुम ये देख सको।"

45 ये क्या है? संसार चर्म सीमा के लिए आगे बढ़ रहा है। क्यों? नीचता की आत्मा, चरित्र पतन, वैज्ञानिक धर्म ने, इसकी अगुवाई "घृणित और अशुद्ध चिड़ियाओं के पिजड़े," में की है जैसा कि बाईबल ने कहा। आईये इसे प्रकाशितवाक्य 18 में पढ़े। जब कि हम इस बात को आरम्भ करने जा रहे है, हम प्रकाशितवाक्य 18:1 से 5 को लेंगे। मैं सोचता हूं मैंने यहां निशान लगा कर रखा है।

और इसके बाद मैंने एक स्वर्ग दूत को स्वर्ग से उतरते देखा जिसके पास बड़ा अधिकार था; और पृथ्वी उसके तेज से प्रज्वलित हो गयी।

और उसने ऊंचे शब्द से पुकार कर कहा, (अब तुम लोग जिन्होंने स्वप्न देखा)... *कहा कि गिर गया बड़ा बाबुल* गिर गया है, गिर गया है, *और दुष्टआत्माओं का निवास बन गया है, और हर एक अशुद्ध आत्मा का अड्डा,... और एक अशुद्ध और घृणित पक्षी का अड्डा हो गया।*

क्योंकि उसके (कलीसिया के) व्यभिचार *के भयानक मदिरा के कारण सब जातियाँ गिर गई है, और पृथ्वी के राजाओं ने उसके साथ* व्यभिचार *किया है, और पृथ्वी के व्यापारी उसके सुखविलास की बहुतायत के कारण धनवान हुए हैं।*

फिर मैंने स्वर्ग से किसी और का शब्द सुना, कहते हुए, हे मेरे लोगों उसमें से निकल आओ, कि तुम उसके पापो में भागी ना हो,... और उसकी विपत्तियों में से कोई तुम *पर ना आ पड़े।*

क्योंकि उसके पाप *स्वर्ग तक पहुंच गए हैं, और उसके अधर्म परमेश्वर को* स्मरण *आए हैं।*

46 क्या ही चेतावनी है! जो कि कलीसिया को ठीक पीछे प्रकाशितवाक्य 3:14, पर ले जाती है, लौदीकियायी युग पर, अनुशासनहीनता; वास्तविक धर्मी, परंतु अनुशासनहीनता। "तू, क्योंकि तू कहता है कि, 'हम धनी है, कोई भी घटी नहीं है,' और तू नहीं जानता कि तू नंगा, अभागा, अंधा है, और ये नहीं जानता।" ठीक इस युग के वचन के साथ, ना कि डेनियल के युग के वचन के लिए, ना कि उस एक के लिए नाम में... नूह का युग, परन्तु इस अंतिम, दुष्ट युग पर।

47 यहां ध्यान दे, "तू नंगा है।" ये गहराई में उतरे। मैं जानता हूं मेरे इस इस विचार पर बहुत ही असहमति हो सकती है, परन्तु इसका स्थान है कि एक मसीही कठिनाई से ही घर से बाहर निकले और इस बुरे युग कि उपस्थिति में ना आए, उन महिलाओं के अपर्याप्त कपड़ों के द्वारा।

48 महिलाओं, मैं यह कहने जा रहा हूं, और मैं चाहता हूं कि आप सुने। और, पुरुष और महिलाये, आप इस पर असहमत हो सकते है, परंतु कहने के लिए मेरी अगुवाई हो रही है। क्या आपको मालूम है, कि कोई भी स्त्री जो अपने आप को इस प्रकार से अनुचित कपड़े पहनती है वह सही मस्तिष्क की दशा में नहीं है? क्या आप जानते है, वह है, चाहे वह विश्वास करें या ना करें, या ना सोचे, वह एक वैश्या है? यदपि वह परमेश्वर के सम्मुख हाथ उठा के खड़ी हो और इस बात की शपथ खाएं कि पति को छोड़ उसे कभी भी किसी अन्य पुरुष ने नहीं छुआ, और वह सच्ची ईमानदार हो सकती है, परंतु फिर भी वेश्या है। यीशु ने कहा, "जो कोई स्त्री पर कामुकता कि दृष्टि डालें वह उसके साथ व्यभिचार कर चुका।" और वो महिला हो सकता है...

49 देखिए, वह "नंगी," है, बाईबल ने कहा, "और ये नहीं जानती।" आत्मा जो उसका अभिषेक कर रही है कि ऐसी बुरी चीज करें, वैश्या की आत्मा। उसका बहारी जीव, उसकी शारीरिक देह, उसका शरीर, वह शुद्ध हो सकती थी। वह कोई व्यभिचार नहीं कर सकती है, और परमेश्वर की शपथ खा सकती और सच्ची है, कि उसने कभी नहीं, परंतु उसकी आत्मा एक व्यभिचारी आत्मा है। वह संसार के फैशन के ईश्वर द्वारा इतनी अंधी कर दी गई है; कि उसने स्वयं कामुकता के वस्त्र पहन लिए और बाहर निकल गई।

50 उस दिन, मैं भाई वुड और मैंने अपनी नाव नदी में डाली। मुझे घर से कुछ ही मिनटों में, नदी पर जाने के लिए निकलना था। और जहां कहीं आप गए, स्त्रियां इन छोटे–छोटे झुंडो में उसके साथ... जो कि किनस या कुछ कहलाता, उसको लपेटे थी। ये अशोभनीय है। एक स्त्री सही मस्तिष्क दशा में नहीं हो सकती कि इस प्रकार का कुछ पहने। उसे एक वैश्या की आत्मा ने पकड़ रखा है। अब, महिला, ये परमेश्वर के सामने तय हो गया, क्योंकि एक दिन आप पायेंगे कि यह सत्य है।

51 महिला आप कैसे जान सकती है, कि आपकी देह कितनी पवित्र है, और इसे कामुकता के लिए दर्शा रही है, पाप से भरे शैतानों के लिए जो आज के दिन सड़क पर चल रहे है? यदि परमेश्वर के पुत्र अब भी परमेश्वर के पुत्र है, आपका पति परमेश्वर का पुत्र था, वह या तो आपको कपड़े पहनवा देगा या आपको छोड़ देगा। यदि लड़का परमेश्वर का पुत्र था, तो ऐसी चीज से कभी विवाह नहीं करेगा। समझे?

आप कहते है, "आप–... " नहीं।

मैं आपको सत्य बता रहा हूं, और किसी दिन आप इसका सामना करेंगे। "नंगे, व्यभिचारी; और ये नहीं जानते।"

52 "ओह, मैं शपथ खाती हूं मैंने पति की वाचा का कभी उल्लंघन नहीं किया।" आपका पति आपका न्याय करेगा यदि आपने किया है। परन्तु परमेश्वर आपका न्याय करेगा कि आप में किस प्रकार की आत्मा है; आपकी देह के द्वारा नहीं, परंतु आपकी आत्मा के द्वारा, वह भीतरी मनुष्य।

53 बाहरी मनुष्य शारीरिक जीव है जो कि छह इंद्रियों से नियंत्रित है... या बल्कि पांच इंद्रियों से, नियंत्रित है या बल्कि। पांच इन्द्रियों भीतरी मनुष्य आत्मिक मनुष्य है जो कि पांच इंद्रियों द्वारा नियंत्रित है; विवेक, और प्रेम, और आदि–आदि। बाहरी मनुष्य; देखना, चखना, अनुभव करना, सूँघना, सुनना।

परंतु उस आत्मा के अंदर एक प्राण है, और यह एक चीज के द्वारा नियंत्रित है, आपकी स्वतंत्र इच्छा। आप जो शैतान कहता है स्वीकार कर सकते हैं या जो परमेश्वर कहता है। और यह निश्चित करूंगा कि वहां भीतर कौन सी आत्मा है। यदि यह परमेश्वर का आत्मा है, तो ये परमेश्वर कि चीजों को पर भरण पोषण करेगा, और ये संसार की किसी चीज पर भरण पोषण नहीं करेगा। यीशु ने कहा, "यदि आप संसार से प्रेम करते हैं या

संसार की वस्तुओं से प्रेम करते है, ये इस कारण है कि परमेश्वर का प्रेम आपके भीतरी भाग प्रवेश ही नहीं हुआ।" शैतान ने आपको धोखा दिया। "और मनुष्य केवल रोटी से ही जीवित नही रहता, परंतु हर वचन से जो परमेश्वर के मुख से निकलता है।"

अब ध्यान दे, हम पाते हैं कि वह "नंगी है," कामुक और नंगी।

54 और प्रतीत होता है कि संसार बहुत ही दृष्ट युग में है जितना कभी हुआ। कभी नहीं किसी भी युग में स्त्रियों ने ऐसा व्यवहार कभी नहीं किया, कभी नहीं केवल बाढ़ के विनाश से पहले वाले संसार में। और यीशु ने इसका उल्लेख किया। हम थोड़ी देर में इसे लेंगे।

55 क्या परमेश्वर का नियंत्रण नहीं रहा, या क्या वह किसी और माध्यम को अनुमति दे रहा है कि नियंत्रण रखे? मुझे आश्चर्य है। इस प्रश्न का सच्चा उत्तर मेरे विचार में, आज संसार में दो विरोधी आत्माएं है, जो कार्य कर रही है। अब, वे दो से अधिक नहीं हो सकती, दो अध्यक्ष। और उसमें से एक पवित्र आत्मा कार्य पर है; और दूसरी शैतान की आत्मा, और इन अन्त के दिनों में, धोखे में।

अब मैं अपने विचार का आधार बाकी मूल पाठ के लिए यहां बनाने जा रहा हूं, अपने बाकी... अपने संदेश के लिए।

56 दो आत्माये। उनमें से एक, परमेश्वर का पवित्र आत्मा; और दूसरा, शैतान की आत्मा, धोखे में कार्य कर रही है। पृथ्वी के लोग अब अपना चुनाव कर रहे है।

यहां पवित्र आत्मा मसीह के लिए दुल्हन को बुला रहा है। ये वह प्रतिज्ञा के वचन को उस पर प्रमाणित करते हुए कर रहा है, इस युग के लिए, दर्शा रहा है कि ये मसीह है।

यदि इस युग में ऊंगली को हिलाना है, तो ऊंगली हिलेगी। यदि इस युग में पैर को हिलना है, तो पैर ही हिलेगा। यदि इस युग में आंख को देखना है, तो आंख देखेगी। समझे?

परमेश्वर का आत्मा जैसे कि यह परमेश्वर के पूरे कद में बढ़ गया, ये वह युग है जिसमें हम जी रहे है। पवित्र आत्मा यहां है समय के सन्देश को प्रमाणित कर रहा है। और पवित्र आत्मा ये कर रहा है, ताकि वे लोग जो परमेश्वर पर विश्वास करते हैं इस दु:व्यवस्था से बाहर बुला लेगा।

शैतान की दूषित आत्मा यहां है और अपनी कलीसिया को त्रूटियों से बुला रही है, जैसा होता रहा है। परमेश्वर के वचन में मिलावट करने से, जैसा उसने आरंभ में किया। समझे ये वापस उसी बीज के समय पर फिर से आ रहा है, अदन से? यहां ये फिर से है।

57 अब, वहां पीछे से होते हुए, आप संबंधित है–... दूसरे युगों, आप नामधारी से जुड़े है, आप *इससे, उससे,* या *दूसरे* से जुड़े है। नामधारी डंठल का क्या हुआ? ये सुख गया। आत्मा जीवित है और आगे बढ़ रहा है, और ये एक बीज में बढ़ रहा है। आप समझे?

58 और परीक्षा, दोनों ओर से एक सी है, वैसे ही जैसे ये आरंभ में थी। ध्यान दें। नहीं—नहीं, नहीं, इसे अब ना भूले।

जैसे यूहन्ना, पहला यूहन्ना 4:5 और 6, यदि आप इसे लिखना चाहते है, वह इसे लिखता है, "त्रुटि की आत्मा।"

हवा ऐसे ही नहीं बाहर चली गई जान बूझकर, कहे कि, "मैं परमेश्वर में विश्वास नहीं करती।" नहीं। उसने विश्वास किया कि यह एक गलती थी।

59 शैतान कभी नहीं आया और कहा, "ओह, अच्छा, ये तो परमेश्वर का वचन भी नहीं है।" उसने स्वीकारा कि ये परमेश्वर का वचन था, उसने इसका अपना ही अनुवाद किया। जिसके लिए परमेश्वर ने उन्हें साफ–साफ बताया था कि ये ना करें।

ये क्या करता है? "ये जबरदस्त भ्रम उत्पन्न करता है, लोगों के लिए कि झूठ की प्रतीती करे, और उसके द्वारा दोषी ठहरे।" अब यदि आप ये पढ़ना चाहते है तो, दूसरा थिस्सलुनीकियों 2:11।

60 जैसे मेरे पास यहाँ कुछ पवित्र लेख लिखे हुए है, और हम इन सब को पढ़ने नहीं पायेंगे। एक अब और फिर, मैं उन्हें आपको दे दूंगा। जैसे कि ये विचित्र लगता है, आप प्रश्न करते या कुछ, और हम इसे लिख सकते हैं और आप के लिए पढ़ते हैं आपकी—आपकी भलाई के लिए।

61 "जबरदस्त भ्रम उत्पन्न कर रहा है, " जैसा कि बाईबल ने कहा ये करेगा, दूसरा थिस्सलुनीकियों। "अब, ये पाप का पुरुष प्रगट होगा, और परमेश्वर के मन्दिर में बैठेगा, और स्वयं को जताएगा कि वो परमेश्वर था। और लोगों को जबरदस्त भ्रम का कारण कि झूठ की प्रतीति करें; और इसका विश्वास करें, और इसके द्वारा दोषी ठहरेंगे।"

यही वो चीज है जो उसने हवा के साथ की। उसे दिया... उसे कभी नहीं—कभी नहीं बताया कि वचन सही नहीं था, परन्तु उसे घोर भ्रम दिया, कि वह झूठ की प्रतीति करें।

62 भ्रम की आत्मा शैतान की है। "शैतान अब आज्ञा ना मानने वालों की संतान में कार्य कर रहा है।" अवज्ञाकारी किसके प्रति? आज की संतान किसके प्रति अवज्ञाकारी है? जैसी हवा थी, आरंभ में, परमेश्वर का सच्चा वचन। ये ठीक बात है। अब यदि आप इसे लेना चाहेंगे...

आइये, इफिसियों 2 निकालें, बस एक मिनट, क्योंकि ये अच्छा प्रतीत होता है कि हम... मैं एक मिनट के लिए रुकूंगा, यदि आप बहुत जल्दी में नहीं है, और इसमें से कुछ पढ़ते है। इफिसियों 2:1 से 2।

> *और उसने तुम्हें भी जिलाया जो एक समय अपने अपराधों और पापों के कारण मरे हुए थे:*
>
> *जिन में तुम पहले इस संसार की रीति पर अर्थात उस आत्मा के अनुसार चलते थे, आकाश के अधिकार के हाकिम, जो आत्मा अब भी आज्ञा ना मानने वाली संतान में कार्य करता है:*

63 "अवज्ञा के बालक।" और यदि मसीह विरोधी, वहां छोटी सी अवज्ञाकारिता में आरंभ हुआ, तब क्या होगा जब यह मसीह विरोधी के पूरे व्यक्ति में होगा? ये कितना धोखे से भरा होगा! ये धोखा कितना अधिक सामर्थ भरा हो सकता है एक—एक परिपक्व संसार को देता है, बजाए छोटे बालक के! और उसने कहा, "भ्रम का—का आत्मा अब आज्ञा ना मानने वाली संतान में कार्य कर रहा है," वचन की आज्ञा ना मानना। ध्यान दें। अब मैं इस पर थोड़ी देर रहना चाहता हूं, "अनाज्ञाकरिता के बालक," एक बालक।

64 क्या आप जानते है, आप, अपने आरंभ को, मैं आपको परमेश्वर के वचन से सिद्ध कर सकता हूं, कोई भी व्यक्ति जो यहां है, आपके पूर्व–पूर्वजों में जीवित था। और आपके पूर्व–पूर्वज से, आप अपने आगे दादा में आए, फिर पिता में, और फिर आप। आप ये जानते हैं?

बाईबल ने कहा, मैं विश्वास करता हूं ये इब्रानियों 7 में है, कि, वह मलिकिसिदक, जब अब्राहम राजाओं को मारकर लौटा आता था, "अब्राहम ने सारी लूट का दशमांश मलिकिसिदक को चढ़ाया।" और यहां अब पौलुस कह रहा है, कि, "लेवी, जो दशमांश लेते है, अभी था... उसने दशमांश

दिया, क्योंकि वह अब भी अब्राहम के देह में था जब वह मलिकिसिदक से मिला।" इसलिए जो कुछ भी अब्राहम ने किया, तब हम पाते हैं कि लेवी उस समय अब्राहम में था, जो उसका पूर्व–पूर्वज था। अब्राहम से इसहाक उत्पन्न हुआ; इसहाक से याकूब उत्पन्न हुआ; याकूब से पूर्वज लेवी उत्पन्न हुए।

अब, फिर, आप देखते हैं, यह पहले से ठहराए जाने का दृश्य, स्पष्ट दिखता है।

65 अब, इन संदेशों में, मैं इन बातों पर—पर—पर जोर देना चाहता हूं जो मैंने आपको संदेश में बताई, इस सांझ के उजियाला को जो परमेश्वर ने कहा कि पृथ्वी पर आएगा।

66 और, फिर, ध्यान दीजिए, "वह पशु जिसे पृथ्वी पर आना था, उन सब को धोखा देगा जिनके नाम मेमने के जीवन की पुस्तक में नहीं लिखे गए, जो पृथ्वी की नींव पड़ने से पहले घात किया गया था।"

67 परमेश्वर के अपने ही विचारों में; परमेश्वर, वह महान आत्मा। आरंभ में, इसके पहले कि आरंभ हुआ था, वह परमेश्वर था, और क्या आप जानते हैं कि आप उस समय उसमें थे? यदि अब आप मसीही है, तो आप उस समय उसमें थे।

और फिर, यदि ये ऐसा है तो समस्त परमेश्वर की देह उस व्यक्ति यीशु मसीह में ढाली गयी। और तब जब यीशु क्रूस पर मरा, मैं उसके संग मरा, क्योंकि मैं उस समय उसमें था; क्योंकि वह वचन की परिपूर्णता प्रगट हुआ था, जानते हुए कि हम लोग बाद में प्रगट होंगे। और कलवरी पर हम उसके साथ थे। हम कब्र में उसके साथ गए। और उसके साथ जिलाए गए और उसके पुनरुत्थान में। और अब हम उठाए गए, उसके आत्मा के द्वारा उसके अनुग्रह के सिंहासन पर, स्वर्गीय स्थानों में मसीह यीशु के साथ मिलकर बैठे है। सदा से!

68 क्योंकि जैसे स्वाभाविक जीवन का जीवाणु लाया गया, पिता से पिता, पिता को, पिता को अंकुरित हुआ। वैसे ही मसीह का जीवन अंकुरित हुआ।

यही कारण है परमेश्वर एलिय्याह की आत्मा को पांच विभिन्न समय में प्रयोग करता है। यह क्या है? यह आगे को सौपना है।

69 जैसे कि आपका स्वाभाविक जीवन और वंश गुण आपके पिता के शारीरिक संतानोंत्पत्ती के द्वारा नीचे सौपा जाता है, वैसे ही परमेश्वर का आत्मा, जो कि पृथ्वी के रचने से पहले ठहराया गया है।

और जब परमेश्वर का समस्त वचन, पूर्णता में मानव देह आगे बढ़ा, जो यीशु मसीह कहलाया, वहां उसमें परमेश्वर ने मेरे पापों का भुगतान किया, वहां उसमें। तब उसने मुझे जिलाया, उसके संग जिलाया, पुनरुत्थान में। और अब हम उसके साथ सामर्थ में बैठे हैं, और प्रत्येक प्रेत आत्मा पर अधिकार के साथ। ओह, यदि आप केवल विश्वास कर सके कि परमेश्वर ने क्या दे दिया! परंतु यदि आप वहां नहीं बैठे है, तो ये आपके पास नहीं है। और यदि आप वहां बैठे हैं, और इसका विश्वास नहीं करते, या बढ़ने से डरते है, आप इसे कभी नहीं प्रयोग करेंगे। परंतु यदि आप वहां बैठे है, तो आप इसको प्रयोग करेंगे, क्योंकि जो आप करते है उसके लिए आप अभिषिक्त है।

70 "फिरौन," दूसरी ओर, "इसी उद्देश्य के लिए उठाया गया था," बाईबल ने कहा, फिरौन होने के लिए। "यहूदा स्क्रोति विनाश का पुत्र होने के लिए उठाया गया था।"

अब ध्यान दें ये महान सत्य जिनकी ओर हम बढ़ रहे हैं।

71 अब हम देखते हैं कि कलीसिया ने परमेश्वर का वचन स्वीकार करने से मना कर दिया कि उन पर प्रभुता करें, और बदले में बरब्बा को स्वीकार किया। अब, यदि आप चाहते हैं तो इस पर जो लेख है, ये मत्ती 27:15 से 23 है। इसने क्या किया? इस स्थिति ने क्या किया? अब इस पर सोचे। जब सांसारिक कलीसिया, अपने संस्थागत धार्मिक जीवन, पवित्र मनुष्य, जैसा कि उन्होंने सोचा कि वे थे, और लोगों की दृष्टि में थे, उन्होंने यीशु को क्रूस पर चढ़ाया, और कहा, "इस मनुष्य को अपने ऊपर प्रभुता ना करने देंगे।" और यीशु परमेश्वर के वचन की परिपूर्णता था। पहला यूहन्ना 1, इसे प्रगट करता है। और उन्होंने कहा, "हम परमेश्वर के इस वचन को अपने ऊपर प्रभुता नहीं करने देंगे।" फिर भी, वह वचन था, परंतु इसके लिए उनकी आंखें अंधी हो गई थी कि वह क्या था। क्योंकि हर एक भविष्यवाणी के लिए वह सीधा उत्तर था जो कि उस में घटित होनी थी।

अब, हम इसका विश्वास करते हैं, क्योंकि हम इसको घटित होने की राह देख रहे थे। परंतु यदि संसार जो कि अब है, यह वर्तमान का बुरा युग,

यदि ये वहां पर उस समय पर रहा होता, वे उसी चीज को करते जो वे आज कर रहे है, क्योंकि ये अब भी वही वचन है, इस युग के लिए, जो प्रगट हो रहा है। वो इसे करेंगा। वे और कुछ नहीं कर सकते। "वे अवज्ञा की संतान है।" "कठोर भ्रम दिया गया कि झूठ की प्रतीति करें, और उसके द्वारा दोषी ठहरे।"

72 ध्यान दें जब संसार की कलीसिया यीशु को ग्रहण नहीं करेगी, वचन को जो उस दिन प्रगट हुआ, क्योंकि (क्यों?) उन्होंने इसका अनुवाद दूसरी प्रकार से कर लिया था, परंतु उन्हें यह जानना ही था कि वह वचन था, क्योंकि हर बात जो परमेश्वर ने कही वह करेगा, उसने वह किया। और उसने उन से कहा, "इस घड़ी के लिए वचन को खोजो; और यदि मैं इस योग्यता से मेल नहीं खाता जो कि मेरे करने के लिए बोली गई है, तो फिर मेरा विश्वास मत करो।"

उन्होंने कहा, "हम मूसा का विश्वास करते है।"

73 उसने कहा, "यदि तुमने मूसा का विश्वास किया होता, तो तुम मेरा विश्वास करते, क्योंकि मूसा ने मेरे विषय में कहा।" और फिर भी वे इसे देख नहीं पाए। वही स्वर्ग का परमेश्वर क्रूस पर मर रहा था, और उन्हीं वचनों को बोल रहा था जो भविष्यवक्ता ने कहे वह कहेगा, और फिर भी वे उसे नहीं देख पाए। समझे?

वे उसके जाति के नहीं थे। वे वचन नहीं थे, वचन नहीं; और वे, फिर भी, वे बहुत ही धार्मिक थे—थे। परंतु वे वचन नहीं थे, क्योंकि यह—यह उस घड़ी के लिए अपने स्थान को पहचान लेगा।

74 ध्यान दें कितनी सुंदरता में वचनों ने स्वयं को हर युग में बंधा गया। अब ध्यान दें।

और जब सांसारिक कलीसिया परमेश्वर के वचन को अपने ऊपर प्रभुता नहीं करने देगी, उन्होंने बरब्बा हत्यारे को स्वीकार किया। इसने क्या किया? इसने शैतान को उठाया, इस दुष्ट युग के ईश्वर को, उस स्थान तक जिसे वह सदा से चाहता था।

अब सुनिये। क्योंकि, शैतान किसी और युग के लिए ईश्वर नहीं कहा गया सिवाये इस युग के। उसने नूह के युग के ईश्वर के बारे में नहीं की थी। वह मूसा के युग के—के बारे में नहीं की थी, एलिय्याह के युग का ईश्वर। परंतु, यह दुष्ट युग, वह है... ओह, इसमें ना चूके! वह इस बुरे युग का ईश्वर

है, लाखों और करोड़ों लोगों के द्वारा पूजा गया है, और वे इसे नहीं जानते। परंतु आओ हम वचन को इस प्रात: उसे बेपर्दा करने दे, और आइये हम देखे, तब आप जानेंगे। वचन को करने...

75 जैसे कि विचारों को परखने की सभाएं, जब पवित्र आत्मा अपने वचन में होता है और वह इस व्यक्ति को पुकारता है और कहा, "कि तुम्हारा दूसरी स्त्री के साथ रहने का कोई मतलब नहीं। तुमने दस वर्ष पहले क्या किया, जब तुम उस पुरुष की स्त्री के साथ भाग गए थे?" वह क्या कर रहा है? उसे उघाड़ रहा है, शैतान को बेपर्दा कर रहा है, जिसने व्यक्ति को बंधुआ कर रहा है, या स्त्री को जो किसी और स्त्री को जो किसी और स्त्री के पति के साथ रह रही है, या जो उन्होंने पाप किया है, और वे बातें जो उन्होंने की है। वह क्या करता है? उसे बेपर्दा करता है।

76 डॉक्टर औजारों को लेकर क्या गड़बड़ी है ढूंढने का यत्न करता है। वे इसे नहीं कर सकते। हम नहीं बता सकते। परंतु तब पवित्र आत्मा बाहर आता है और प्रकट करता है कि वह क्या है, और उसे बेपर्दा करता है। समझे? परमेश्वर का वचन यही है। वो एक ज्योति है जो अंधकार में चमकती है।

और जब आप कमरे में शोर को लेते है, तो भेद पूर्ण आवाज है, किसी चीज का झुंड कार्य कर रहा है, और आप नहीं जानते कि ये क्या है। तुरन्त, उजियाला करते है, झीगर, कोकरोच, वे—वे अंधकार की संतान है, और जब उजियाला चमकता है, वे भाग जाते हैं।

"वे हम में से निकल गए क्योंकि वे हममें के नहीं थे," बाईबल ने कहा। समझे? वे संसार की ज्योति में नहीं रहा सकते... क्योंकि, स्वर्ग के परमेश्वर ने अन्त के दिनों में अपनी ज्योति भेजी है, और वह अपने बालकों के मार्ग को उजियाले से भर सकता है, और वे अंधकार में नहीं चल सकते और ठोकर लगे, परंतु वे यीशु मसीह की ज्योति के उजियाले में चल सकते हैं, कल, आज, और सर्वदा एक सा है। आमीन!

77 ध्यान दें, शैतान किसी भी युग का ईश्वर नहीं कहलाया सिवाये इस युग के। यह उसकी आरम्भ से ही इच्छा थी कि परमेश्वर के समान बने।

हम इसे पढ़े। हम अपना समय लेंगे। आईये हम वापस चले... देखिये, मैंने यहां लिख रखा है, यशायाह 14। आईये हम यशायाह 14 में वापस

चले, बस एक मिनट, और देखे कि परमेश्वर ने क्या कहा है। "वह ईश्वर," शैतान ने क्या किया। यशायाह 14:12 और 14। ध्यान दे।

> *हे भोर के चमकने वाले तारे, तू क्योंकर आकाश से गिर पड़ा है! तू जो जाति–जाति को हरा देता था तू अब कैसे काटकर भूमि पर गिराया गया है!*
>
> *तू मन में कहता तो था कि मैं स्वर्ग पर चढ़ूंगा, मैं अपने सिहासन को ईश्वर के तारागण से अधिक ऊंचा करूंगा* (अब, परमेश्वर के पुत्र): और *मैं भी सभा के पर्वत पर विराजुंगा, उत्तर दिशा की छोर पर:*

78 ये शैतान की इच्छा थी कि उसकी आराधना परमेश्वर के समान हो। उसने एक तिहाई, एक तिहाई स्वर्ग के तारे ले लिए। और उन सितारों के ऊपर चढ़ गया, और उन्हें प्रचार किया, और उन दो तिहाई को धोखा दिया। आप ये देखते हैं? तो ठीक है। ध्यान दें, ये उसकी इच्छा थी।

तेरे अब वह तैयार है, उसके अपने ध्यान से चुनी हुई, शिक्षित दुल्हन उसके अपने ही ज्ञान के द्वारा, देखो। उसके धोखे में सब कुछ रंगा हुआ है, बड़ी–बड़ी इमारतें और बड़े नामधारी, और ज्ञान का रंग और धर्म विज्ञान, और होशियार, बुद्धिमान, और शिक्षित की समस्त संसार को धोखा दें, और एक "ईश्वर" बन जाए। यही है जो उसने किया है। सब मसीह विरोधी व्यक्ति में बढ़ रहा है, जिसने पहले ही ताज पहन लिया है, "परमेश्वर के बदले में," अपने सांसारिक प्रेम के द्वारा, वैज्ञानिक दुल्हन, पूरी तरह से बुद्धिमानी से सुसज्जित, धार्मिक शिक्षा। उसे उसके समान धार्मिक बनाया गया, और परमेश्वर के वचन का उसका अपना ही अनुवाद जैसा उसने हवा से किया, और जैसा उसके पुत्र कैन ने किया।

अब आपने कहा, "शैतान का पुत्र?"

79 मुझे बाईबल में एक भी स्थान में दिखाये कि कैन को कभी आदम का पुत्र कहा गया। बाईबल ने कहा वह "उस दुष्ट का पुत्र था," सर्प का वंश। नहीं, अब पर्दा हटा दिया गया है, भाई। पिरामिड खोल दिया गया है, जैसा कि प्रकाशन ने दर्शाया।

80 ध्यान दें वह क्या करेगा, उसका विचार। उसने सोचा परमेश्वर संसार की सुंदरता में वास करता है। ये उसने स्वर्ग में किया। पाप कभी भी अदन की वाटिका में आरंभ नहीं हुआ, ये स्वर्ग में आरंभ हुआ, जब लूसीफर, भोर

के पुत्र ने, स्वयं को सुंदरता में उठाया, और जो मिकाएल का था उससे अधिक सुंदर राज्य को चाहा। और उसने सोचा कि परमेश्वर सुंदरता में वास करता है।

81 और कैन पर ध्यान दें। उसने लहू का बलिदान ना चाहा। वह वहां आया और फल चढ़ाये, या—या उसकी वेदी पर खेत की सुंदरता को। बहुत ही धर्मी, सब कुछ किया, जो, बिल्कुल ठीक जैसे हाबिल ने किया; बलिदान चढ़ाया, आराधना में परमेश्वर के सम्मुख दंडवत किया, हर प्रकार से आज्ञाकारी, परंतु वचन के प्रकाशन के बिना।

और वचन आरंभ से, परमेश्वर की योजना थी। परंतु परमेश्वर ने, प्रकाशन के द्वारा, प्रकाशित किया कि वही चीज जो उसने सिद्ध की और उस पर कि ठीक था विराम लगाया। धर्म नहीं, ना ही वेदी, ना ही कलीसिया से सम्बन्ध रखना, ना ही बलिदान चढ़ाना, ना ही ईमानदारी; परन्तु परमेश्वर के वचन के प्रकाशन के द्वारा। परमेश्वर उस पर प्रगट कर रहा था कि वह क्या है...

उसकी मां ने सेब नहीं खाया जो सांप ने उसे दिया, परंतु उसका शैतान व्यक्ति के साथ एक यौन सम्बन्ध हुआ था, पशु के रूप में; ना कि रेंगने वाला, परंतु बहुत ही चतुर, धूर्त सारे धरती पर के पशुओं में, मनुष्य का स्वरुप, एकमात्र चीज़ जिसमें बीज मिश्रित होगा। अब विज्ञान उसे ढूंढने का यत्न कर रहा है। और वे उसे कभी ना पायेंगे, क्योंकि उसके शरीर की प्रत्येक हड्डी बदल गई है। बाईबल इसे ऐसा ही घोषित करती है।

82 ध्यान दें ये व्यक्ति अब क्या करेगा। ये व्यक्ति, "परमेश्वर के मंदिर में बैठेगा," ये, कलीसिया है, "स्वयं को परमेश्वर प्रगट करेगा।" अब यदि आप ये पढ़ना चाहते हैं, तो ये दूसरा थिस्सलुनीकियों 2:3 और 4, और प्रकाशितवाक्य 13:4, 11 और 12 है; जहां बोला गया, दोनों भविष्यवक्ता, यूहन्ना और पौलूस दोनों, कि अंत के दिनों में क्या होगा। अब आप इसे पढ़ें, क्योंकि मैंने यहां पर लिखा हुआ है। परंतु मैं... अब समय को बचाने के लिए।

83 ये दिन जिसमें हम रह रहे हैं, बाईबल में, "मनुष्य का दिन," कहलाता है, मनुष्य का दिन। यह परमेश्वर का दिन नहीं है। परमेश्वर इस धरती का ईश्वर नहीं है; बाईबल कहती है वह नहीं है। वह स्वर्ग का परमेश्वर है। परंतु ये परमेश्वर का दिन नहीं है।

ये चुनाव का दिन है। या तो, आज के लिए जीयो, और मरो; परमेश्वर को चुनो, और जीवन्त रहो। और परमेश्वर वचन है, और वचन, वचन है जो इस घड़ी और दिन के लिए प्रगट हुआ।

84 ध्यान दें, "मनुष्य का दिन।" यदि आप ये लिखना चाहते है, मैं इसे पढ़ने जा रहा था। परंतु पहला कुरिन्थियों 5:1–5... पहला कुरिन्थियों 4:1–5, मुझे क्षमा करें, पहला कुरिन्थियों 4:1 और 5, पौलुस मनुष्य के द्वारा न्याय के विषय में बोलने जा रहा है, मनुष्य के दिन में।

85 "वो दिन, आप इसे क्या कहते हैं मनुष्य का दिन किस लिए?" आप कहेंगे। ये वो दिन है जिसमें मनुष्य के ज्ञान के द्वारा कार्यो की सराहना की गई।

देखा क्या, साम्यवादी का सारा घमंड, कोई किसी को चांद पर पहुंचाने का यत्न कर रहा है। परमेश्वर किसी को स्वर्ग पहुंचाने का यत्न कर रहा है। समझे? परंतु देखिए किस तरह से वे करोड़ों और करोड़ों, अरबों डॉलर, बेकार यत्न में लगा रहे हैं। जब वे वहां पहुंचे, वे कुछ भी पाने नहीं जा रहे हैं। उनके साथ क्या मामला है?

मैं चांद के विषय में चिंता नहीं करता। मैं चांद के पास से इतनी तेजी से निकल जाना चाहता हूं मैं इसे देखूंगा भी नहीं; बस ऊंचे पर चढ़ता जाऊंगा। मैं आकाश गंगा के पार जाना चाहता हूं, और आगे, बस आगे बढ़ते रहना। जी हां!

86 और आज संसार ने स्वयं को ज्ञान के लिए समर्पित कर रखा है जो शैतान से आता है। और मनुष्य के दिन की महिमा, परमेश्वर के वचन से नहीं, परंतु उस ज्ञान के द्वारा जो उसके पास है।

अब सोचे। ये भीतर बैठ जाए। और जब आप इस टेप को फिर चलाएं, तो इस बिंदु पर यहां, थोड़ी देर के लिए रुक कर सोचना।

उसके कार्य परमेश्वर के वचन से ऊपर उठाए गए और कार्य प्रगट किए गए; शैतान की बुद्धि, जो कि आरंभ में उसने हवा को दी। अब सुनिए; इस पर ना चूके। शैतान की बुद्धि मनुष्य के आराधना के सिंहासन तक उठाई गई, मनुष्य में, इस घड़ी के परमेश्वर के सिद्ध वचन से ऊपर। हमारी कलिसियायें अपने—अपने धर्म विद्यालयों के द्वारा सिद्ध करते है, सीखने वाले विद्यालय, कि ये परमेश्वर के विषय में वचन से अधिक सिखाते हैं इसके विषय में जानते हैं, वे सोचते है। और वहां, उनके डॉक्टर *अमुक–*

अमुक, और अध्यापक *अमुक–अमुक,* और प्रोफेसर *अमुक–अमुक* ने अपने ज्ञान को बढ़ा लिया। कहलाने वाला (शैतान से) सत्य, परमेश्वर की प्रमाणित प्रतिज्ञा से ऊपर है, उनके सामने स्पष्ट अधिकार बनाते हैं। और व्यक्ति उसकी ओर आकर्षित होता है। देखा?

87 उसकी वैज्ञानिक सफलता परमेश्वर के वचन को गलत सिद्ध करने का यत्न कर रहा है। इस पर थोड़ा सोचें। वह, उसका, जो है, मनुष्य का धर्म विज्ञान लोगों के लिए परमेश्वर के वचन की व्याख्या करता है, और उसे फिर बेअसर बनाता है, जैसे कि ये उसके पास नामधारी युग में था जब यीशु पृथ्वी पर प्रगट हुआ था। यीशु ने कहा, "तुम ढोंगियों! अपनी, रीतियों के द्वारा," ये उनके अनुवाद थे, "परमेश्वर का वचन लिया और उसे लोगों में प्रभावहीन कर दिया।" और वही बात उन्होंने आज कर दिया है। इसमें कोई प्रभाव नहीं।

88 ध्यान दें, "वे," वो लोग, "उससे ऊपर उठाते हैं और जो परमेश्वर कहलाये।" क्या दूसरा थिस्सलुनीकियों नहीं कहता कि वे ऐसा करेंगे? और नामधारी कलिसियाओं का अधिकार, लोग ये विश्वास करते हैं कि नामधारी उनके परमेश्वर पर विश्वास करने से अधिक बड़ा है। और परमेश्वर वचन है। वे विश्वास करते हैं कि उनका संप्रदाय धर्मसार वचन से ऊपर है, जो कि "उसे जो परमेश्वर कहलाता है उससे ऊपर उठाता है।" और परमेश्वर तो केवल एक ही है, और वह वचन है।

"वह सब जो परमेश्वर कहलाया; इसलिए वह परमेश्वर से सामान परमेश्वर की कलीसिया में बैठा है, वो साबित कर रहा है कि वो परमेश्वर है," क्योंकि उसके पास लोग हैं कि उसकी आराधना करें। परमेश्वर वचन है। और वह स्वयं को जो परमेश्वर कहलाता है उससे ऊपर उठाता है। और केवल एक ही परमेश्वर है और वह परमेश्वर वचन है। समझे? "और वह सब जो परमेश्वर कहलाया," वह इस युग का ईश्वर है जो स्वयं को सत्य से ऊपर उठाता है, परमेश्वर के प्रमाणित हुए वचन से। ये संत यूहन्ना 1 है। समझे? "सबके ऊपर जो परमेश्वर कहलाता है, इसलिए वह परमेश्वर के जैसे, परमेश्वर के मंदिर में बैठता है," अधिकार के साथ।

देखिए, और उसकी इसके लिए महिमा हुई! ओह, परमेश्वर, वे लोग इस धोखे को देखने पाए! इसके लिए उसकी महिमा की गई, और सत्य

भाव में इस बुरे युग के लोगों के द्वारा विश्वास किया गया। अब क्या आप ईश्वर को देखते हैं और बुरे युग के उसके दासो को?

89 अब आइये हम इसके प्रगटीकरण पर ध्यान दे। वह कहता है वह उनके लिए इस संसार को और अच्छा बना रहा है कि उसमें रहे, अपने ज्ञान के द्वारा सिवाये परमेश्वर कभी न असफल होने वाले वचन को छोड़। केवल अपने नामधारियों में और मतसारो और बुद्धिमानी, और वैज्ञानिक, और आदि–आदि के एक साथ मिलने के द्वारा, वह मनुष्य के रहने के लिए अच्छा संसार बना रहा है, और परमेश्वर की प्रतिज्ञा पर ध्यान ना देते हुए, जो केवल एक ही समय है जब संसार रहने योग्य होगा वह सह–शताब्दी में होगा। आप मेरा विचार जानते हैं, वह पाप करने के लिए अच्छा संसार बना रहा है बजाये रहने के।

90 ध्यान दें। क्या उसने यह किया? उसने पाप को वैधानिक कर दिया। उसने व्हिस्की पीना, सिगरेट पीने, इसको वैद्य कर दिया। और कलीसियाओ में वैद्य कर दिया कि कटे बालों के साथ स्त्रियां कलीसिया की सदस्य हो सकेगी। अब क्या आप एक मिनट के लिए रुक सकते है।

91 वह छोटे कपड़े पहन सकती है, पेन्टे पहन सकती है, और फिर भी उस धार्मिक झुंड की है, जो कि परमेश्वर के वचन के बिल्कुल विपरीत है। वह कहता है कि ये ठीक है।देखा उसका ज्ञान? "इसका एक स्त्री के साथ क्या लेना देना है? " ठीक वैसे ही जैसे मना किए गए फल को खाना, या मना किए हुए फल को नहीं, वही जो यह है। परमेश्वर ने कहा इसे ना करें, परंतु उसने यह किया।

92 और वह उसका विश्वास करती है, और इसके लिए उससे प्रेम करती है। वह परमेश्वर से घृणा करती है। उसका अपना व्यवहार सिद्ध करता है कि वह करती है। वह कहती है कि वह उस से प्रेम करती है, परंतु वह शैतान से प्रेम करती है। वह फैशन के देवता की आराधना करती है, संसार का ईश्वर, हॉलीवुड की देवियां। वह उससे प्रेम करती है, परंतु वह परमेश्वर के सत्य वचन से घृणा करती है, जो कि वह केवल एक ही परमेश्वर है।

इसे कलिसियाओ में वैद्य कर दिया। "इससे कोई हानि नहीं है। हमारी स्त्रियां *ये* या *वह* और *आदि* कर सकती है।" परंतु जीवते परमेश्वर की उपस्थिति में, उसे आने की भी आज्ञा नहीं, जब तक वह प्राश्चित ना करें ले।

93 देखिए, वह संसारिक सुंदरता का ईश्वर है, वह है। वह सुंदर दिखना चाहती है। और वह सुंदरता का ईश्वर है, आरंभ से ही। वह कर सकता है, विज्ञान और चीजों में उसने अपने ज्ञान से प्राप्त किया है, कि अपने आदर्श युग को सुंदर बनाएं, ये आधुनिक युग... ये आधुनिक युग, बल्कि, बुराई का। ये बनावटी सुंदरता।

94 ध्यान दे। ये बात ध्यान देने योग्य है। आरम्भ में, शेत और उसके बालक कभी भी वैज्ञानिक रीति पर नहीं गये।

अब हम कुछ मिनटों के लिए विज्ञान के विषय में बाते करने जा रहे हैं। यदि मैं यह कहता हूं, अपनी अज्ञानता का बहाना नहीं; परंतु, अज्ञानियों का एक झुंड, कोई भी चीज जो परमेश्वर के वचन का इनकार करें। समझे? निश्चय ही।

यह ध्यान देने योग्य है। ध्यान दे। शेत के बालक कभी भी वैज्ञानिक रीति पर नहीं गए। वे नम्र चरवाहे, किसान, और आदि–आदि थे।

परन्तु कैन के बालकों ने किया। क्यों? वे अपने पिता शैतान से प्रेरित हुए थे। कैन, अपने पिता शैतान से प्रेरित थे, और ये उस वंश के द्वारा प्रेरित होकर नीचे आ रहे हैं।

95 परमेश्वर के वंश पर ध्यान दें हर युग में नीचे आ रहा है, और ध्यान दें आज किधर की ओर बढ़ रहा है। मसीही, वास्तविक मसीही, वे वैज्ञानिक खोजो और आदि चीजों के पीछे नहीं है। नहीं। बस एक मिनट, हम इसके अंदर जाएंगे।

परंतु कैन ने किया, अपने पिता के स्वभाव के अनुसार, वो शैतान, सांसारिक ज्ञान से भरा हुआ, सुंदर, और विज्ञान, आदि–आदि। कैन के बालक वैज्ञानिक थे। वे शिक्षित थे। वे संगीत—संगीत वाद्ययंत्र बजाने वाले थे; एक आधूनिक एलविस प्रेसले, इस प्रकार की चीजें जैसे कि विद्यालयों के संगठन हर शनिवार रात्रि को यहां पर होने देते हैं। नगरों को बनाने वाले, अपने व्यक्तिगत अभिलाषा के लिए स्त्रियों को सुंदर बनाना, जैसे कि शैतान ने स्त्रियों को रंग दिया, और उनके बाल कटाना, और उन्हें छोटे कपड़े पहनाना, और इस प्रकार की बातें। वे, उसकी अपनी गंदी अभिलाषाओं के लिए। यह बिल्कुल स्पष्ट है, परंतु इसे छोड़ इसे कहने का कोई और मार्ग नहीं है।

96 अब, हम ये जानते है कि शैतान का सुसमाचार विज्ञान का सुसमाचार और उन्नति है। उसने ये अदन में प्रचारा; परमेश्वर ने नहीं; शैतान ने किया, उन्नति का विज्ञान। विज्ञान और उन्नति शैतान का सुसमाचार है। देखिए ये आज हमें कहां ले आया, इसके साथ। समझे?

97 ध्यान दें, उसने ये अदन में प्रचार किया, किसे? आदम की दुल्हन को। और वह इसमें गिर गई। उसने परमेश्वर के वचन पर प्रश्न करते हुए उसे धोखा दे दिया। आइये देखें कि उसने क्या कहा होगा। उसने कहा होगा, "ये मरना वैज्ञानिक नहीं है, इस पवित्र कलीसिया में।" या, "तुम्हें सिखाया और शिक्षित किया जायेगा, मृत्यु जैसी बेतुकी बात का विश्वास ना करें। मैं चिंता नहीं करता यदि परमेश्वर के वचन ने यह कहा है; ये नासमझी है।"

98 ओह, आज उसे देखते हैं। "परमेश्वर एक भला परमेश्वर है। आप उसकी पवित्र कलीसिया में है; क्यों, तुम नहीं मर सकते।" परंतु परमेश्वर ने कहा तुम मरोगे, और यह तय हो गया। आज उसे देखा? "ओह, बस कलीसिया में है। ये वह नही जो आप करते है, या *ये, वह* या *इत्यादि* और। बस कलीसिया में आईये और अच्छे सदस्य बने रहे। आपके बाल काट रहे है, ये अर्थहीन है। और छोटे–छोटे कपड़े पहन रहे है, और पेन्ट पहन रहे है, और नृत्य के लिए जा रहे है, कभी तो थोड़ी सी बियर को पीना, आपको हानि नहीं पहुंचायेगा, जब तक आप इसमें मगन ना हो जाए। खुले रूप में, मैं चाहता हूं बालक इसे लेंगे, ताकि वे सीख सकते हैं कि वे इसे चाहते हैं या नहीं।" वहां वह है, इस युग का ईश्वर, इस दुष्ट युग का।

99 "परमेश्वर भला परमेश्वर है।" ये मैंने इतना अधिक सुना है इतना तक कि मैं उकता गया हूं। परमेश्वर न्याय का भी परमेश्वर है। वह कोई बुढा सठिहाया हुआ दादा नहीं जिस इधर उधर घुमाया जा सके, और उसके पोते–पोतियों ने कोई पाप नहीं किया। वह न्याय और पवित्रता का परमेश्वर है। ये उसने अदन की वाटिका में सिद्ध कर दिया, अपने पहले बालकों के द्वारा। आप उस रेखा को पार करें, उसका एक वचन, और आप मर गए। आज भी वही बात लागू है।

100 और ध्यान दें, उसने हवा को वैज्ञानिक, सामाजिक, शिक्षा वाला, उन्नति का सुसमाचार प्रचार किया, और आदम की पत्नी ने इसका विश्वास

किया। और वह कहलाने वाली मसीह की दुल्हन को भरने में सफल रहा, दूसरे आदम की कलीसिया, उसी तर्क के साथ। यह ठीक बात है।

101 "ओह, यह—यह परमेश्वर के लिए नही है; परमेश्वर इसे करने के लिए बहुत भला है। क्यों, जब तक आप कलीसिया में जाते है। 'यदि तू विश्वास करें।'" शैतान विश्वास करता है; बनावटी विश्वास नहीं, परंतु वह वास्तव में विश्वास करता है। वह बचा हुआ नहीं है। "'यदि तू विश्वास करें।'" ओह!

102 वह दूसरी दुल्हन को बताता है, या दूसरे आदम की दुल्हन को, ठीक वैसे ही जैसे पहले वाली को बताया। जैसे कि, "अब, दिव्य चंगाई, ऐसी कोई चीज नहीं है। हम ये सिद्ध कर सकते हैं। कभी भी कोई मामला सिद्ध नहीं हुआ।" "और ये बपतिस्मा यीशु मसीह के नाम का, अब आप क्या ये अनुभव नही करते कि मेरा कलीसिया पर अधिकार है? " वो कहता है। "हमने ये रोम में, निसिया में तय किया," जब अजगर में से वे तीन अशुद्ध आत्माएं निकली, वे झूठे भविष्यवक्ता, और आदि–आदि। "हम विश्वास करते है कि परमेश्वर की त्रिएकता है।" ओह, भलाई के लिए! ये वैसे ही मूर्तिपूजक जैसे वे हो सकते हैं। क्या आप परमेश्वर के सामने नहीं आए ऐसी चीज के साथ, उसकी उपस्थिति में खड़े होने का यत्न करना। "ओह, इससे कोई अंतर नहीं पड़ता यदि आपका बपतिस्मा 'पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा' के उपाधियों का हुआ है। इससे क्या अंतर पड़ता है? "

103 इससे इतना अंतर पड़ा, इतना तक कि पौलूस ने बैपटिस्टो के झुंड को आज्ञा दी कि उन्हें यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लेना ही है इसके पहले कि पवित्र आत्मा उन पर कभी उतरे। और उस चेले को चिल्लाने का भी कारण हुआ, और कहा, "यदि एक स्वर्गदूत स्वर्ग से आए और कुछ और प्रचार करें तो वह शापित हो।" निश्चय ही, इससे अंतर पड़ता है। ओह, प्रभु!

104 "इन दिनों में पवित्र आत्मा के बपतिस्मे जैसी कोई चीज नहीं है। ये तो केवल चेलो के लिए था। ये बीत गया। और ऐसी बातें जैसे कि भविष्यवक्ता? इसका यहां तक कोई पता नहीं है। आश्चर्यकर्मो का? वे अवैज्ञानिक बातें है। मलाकी 4? ये दूसरे युग के लिए था। यूहन्ना 14:12? ओह, यीशु का वास्तव में ये अर्थ नहीं था। लूका 17:30? ओह, ये तो बस एक मनगढत

बात है। देखिये, इसका—इसका गलत अनुवाद है; ऐसा मूल में नहीं था।" ऐसी अनाप–शनाप बातें!

जब सर्वशक्तिमान परमेश्वर हमारे मध्य में आता और इसे सिद्ध करता है। जब वह ये कहता है, कि, "यीशु मसीह कल, आज और सर्वदा एक सा है," वह ऐसा ही सिद्ध करता है। मैं चिंता नहीं करता कौन इस विषय में नहीं कहता; परमेश्वर अपना वचन स्वयं अनुवाद करता है। उसने कहा वह इन बातों को अन्त के दिनों में करेगा। "सांझ के समय उजियाला होगा।" और वहां परमेश्वर के पुत्र को प्रगट करने को ज्योति होगी।

105 वही सूर्य जो पूर्व में उदित होता है वही सूर्य पश्चिम में अस्त होता है। नबी ने कहा, "ऐसा दिन होगा जो कि ना तो दिन ना ही रात कहलाएगी।" ये एक उदास, बादलों, जैसे कि सूर्य के सामने। परंतु कहा, "सांझ के लगभग समय में फिर से उजियाला होगा।" वही पुत्र! वो अल्फा और ओमेगा है। वही पुत्र जो पूर्व में उदय हुआ था उसी की भविष्यवाणी फिर से पश्चिम में आने की है, अन्त के दिनों में, ठीक दिन के समाप्त होने के थोड़ा पहले। मैं नहीं जानता कि वे कैसे इसका अनुवाद करते हैं; परमेश्वर अपने वचन का स्वयं अनुवाद करता है। वह इसे सिद्ध करता है। यह सांझ का समय है।

106 ये उदास है, परंतु वह निश्चिय ही फिर इसमें गिरेगी। मसीह की दुल्हन इसके लिए गिरती है, और बुद्धि का ज्ञान धर्म विज्ञान के प्रचारक से लेती है बजाये की शुद्ध का विश्वास करें, परमेश्वर का प्रमाणित किया हुआ वचन।

107 अब सेवको बाहर सामने राष्ट्र में जहां भी आप है, आप इससे असहमत हो सकते हैं। मैं आपको आघात नहीं पहुंचा रहा हूं। मैं केवल यत्न–... मैं अपने झुण्ड से बाते कर रहा हूं। मैं बस यत्न कर रहा हूं... यदि आप बैठना चाहे, निश्चय ही आपको सुना कर आनंदित होऊंगा। और जब आप इसे सुने। समझे? परंतु मैं बस उन्हें बता रहा हूं जो उनके पास—जो उनके पास है जो उन्होंने देखा है, और उन्हें दिखा रहा हूं; परमेश्वर इसे सिद्ध कर रहा है, कि यह ठीक है। समझे?

ये वो घड़ी है। किसी के अनुवाद की आवश्यकता नहीं है। आपके संसारिक ज्ञान का कुछ लेना देना नहीं... आप बी. ए., डी. डी., ए. डी., हो सकते है, या ये जो भी हो; इसका कोई मतलब नहीं। परमेश्वर अपने वचन का अनुवाद करता है, स्वयं ही। उसने ये प्रतिज्ञा की है, और वह यहां है।

108 परंतु धर्म विद्यालय के ज्ञान के द्वारा, नामधारी का प्रचार, "समस्त संसार के आश्चर्य का कारण है कि पशु जिसका मरणहार घाव चंगा हो गया था," पागान से पोप तक। देखिए वह कहां बढ़ रही है? वह इसका विश्वास करती है। वह उस ज्ञान का विश्वास करती है जो उसने उसे बताया।

109 ये है, ध्यान दें, ये वे दोनों है जिन्होंने दुल्हनो को शैतान के ज्ञान के लिए व्यस्त कर रखा है परमेश्वर के वचन के विरुद्ध। आदम की दुल्हन ने परमेश्वर के वचन के विरुद्ध शैतान के ज्ञान पर विश्वास किया, और मसीह की दुल्हन ने शैतान के ज्ञान पर विश्वास किया, और इस बुद्धिमान दुष्ट युग में, परमेश्वर के वचन के विरुद्ध।

और ध्यान दें। हवा, स्वाभाविक में, उसने इसका विश्वास किया, और सारी मानव जाति को मृत्यु में डूबा दिया। स्वाभाविक दुल्हन! आदम, पृथ्वी का स्वाभाविक मनुष्य; उसकी दुल्हन, इसके पहले वह उसे जाने कि उसकी पत्नी है, सारी मानव जाति को मृत्यु में डुबा दिया। चाहे ये वैज्ञानिक है या नहीं, हम भी वैसे ही मरते है, क्योंकि परमेश्वर ने कहा हम मरेंगे।

चाहे आप पवित्र अदन में हो, या पवित्र कलीसिया, या पवित्र नामधारी, या ये जो भी हो, जिस दिन तुम परमेश्वर के एक वचन को जो सत्य है अविश्वास करोगे तो मरोगे, जबकि यह प्रमाणित और आप पर सिद्ध है। वही दिन है जिस दिन आप स्वयं को परमेश्वर से अलग करता है। ना कि सारा वाक्य; एक वचन। "जो कोई भी एक शब्द को मिलायेगा, या एक निकालेगा," उसी दिन तुम मर जाते हो।

110 ध्यान दें, आदम की दुल्हन अपनी जाति के लिए स्वाभाविक मृत्यु का कारण बनी, मानव जाति।

और दूसरे आदम की दुल्हन, मसीह के साथ जुड़ी दुल्हन ने समस्त कलीसिया को नामधारी कि मृत्यु में डुबा दिया, कि वैज्ञानिक, बुद्धिमानी, बड़े नामधारियो के द्वारा, पशु की छाप को ले। "हम बैपटिस्ट है। हम प्रेसपिटेरियन है। हम पेंटीकोस्टल है," और आदि–आदि। "हमारे पास *ये* है, और हमारे पास खुद की बहुत सम्पत्ती है। हम, हम सरकार की दृष्टि में है। हम समस्त संसार में है," और ऐसी सारी बातें। "और सबसे अच्छा, और नगर के अध्यक्ष, और आदि–आदि, हमारे यहां आते है। यहां तक कि राष्ट्रपति भी मस्सा बोलने हमारे साथ आता है, और हम *इस* पर *उस* पर

या *आदि–आदि* पर आते है।" सारा संसार आत्मिक नामधारी मृत्यु में डूब गया; सारी कलीसिया। वह मर गई!

आप कहते है, "हम ने बहुत सारे क्षेत्रों को लिया हुआ है।"

111 यीशु ने कहा, "जैसा नूह के दिनों में था, जब आठ प्राण बच गये थे, ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आने पर होगा।" "लूत के दिनों में, जब तीन प्राण सदोम से बाहर लाए गए, उस दिन पर... " अब वहां पहले ही एक झुंड जो पहले ही बाहर है, स्मरण रखे। "परंतु, ये जैसा तब था, जब मनुष्य का पुत्र प्रगट होगा।" देखिए क्या ही दिन, देखिए हम कहां जी रहे है!

112 अब वो संसार के लिए शिक्षा योजना का वैज्ञानिक मार्गदर्शक को अपनाने का कारण बनी जिसे शैतान ने उसे कलीसिया के नाम के नीचे दिया, शिक्षा का, वैज्ञानिक योजना का मार्गदर्शन। मैं आपके सामने संसार के ईश्वर का चित्रण कर रहा हूं।

जब वह, जैसे हवा को परमेश्वर के वचन के भराव का अनुभव उसके हाथ में आया, वह परमेश्वर का वचन ले सकती थी। परंतु उसने उसके साथ क्या किया? बजाए इसके पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के लिए ठहरे, विज्ञान ने उसे सिद्ध कर दिया कि ये केवल चेलों के लिए था।

बजाये इसके दिव्य चंगाई को चलने दे, जब कि उसे उन मृतकों को जिलाना चाहिए था और महान आश्चर्य कर्मों को करना चाहिए था; उसने शैतान को करने दिया, कि धार्मिक मनुष्य की अगुवाई के अधीन में हो, परमेश्वर का वचन लेता है और कहने का यत्न करता है कि ये सारे दूसरे युग के लिए था। और उसने इसका विश्वास किया।

113 जब, बाईबल ने कहा, "वे चीजें जो मैं करता हूं तुम भी करोगे।" यीशु ने ये कहा। "तुम सारे जगत में जाओ और हर जीव को सुसमाचार प्रचार करो।" हम अब भी जीव है। "जो विश्वास करेगा उनमें से प्रत्येक के ये चिन्ह होंगे।" वह उसके हर बिंदु का इंकार करती है।

114 वह सारे अलौकिक को अस्वीकार करती है, और उसने इसे बाईबल की बुद्धिमानी के विचार से बदल लिया; जहां याजक लोग, और पवित्र पिता, जो कहलाते हैं, जहां बिशप, आर्क बिशप, जहां जिला प्रेसपिटेर, बड़े–बड़े बिशप, और आदि में, अपने खुद के अनुवाद इसमें डाल दिए हैं। और परमेश्वर ने उन्हें छोड़ दिया है, वहां रख दिया, बारह बजे के समान मर गए।

और अंत के दिनों में केवल एक ही चीज बची है और वह पेंटीकोस्टल का छोटा झुंड और संगीत के शोर के साथ जितना वे कर सकते हैं, फर्श पर ऊपर और नीचे भागना, अन्य भाषा में बोलना और चिल्लाना, "और भक्ति का भेष धरते है, परंतु वचन का इन्कार करते है।" उन्हें यीशु मसीह के नाम के बपतिस्मे के लिए बताइए; आपके मुंह पर हंसते है। परंतु, ये, परमेश्वर इसे ठीक वैसे ही करता जा रहा है, अपने वचन को वैसा ही सिद्ध कर रहा है।

115 ध्यान दें, वह वृक्ष शैतान ने कारण हवा को सहभागी बनाया, "भले और बुरे का वृक्ष था।" ये मिलावटी वृक्ष था।

अब देखिए जिस दिन में हम रह रहे है, जब वह दुल्हन को बुला रहा है। उसके पास एक कलीसिया है जो दावा करती है कि वह भला कर रही है, जबकि वह दुष्ट है, वचन को अस्वीकार करने के द्वारा। एक मिलावटी वृक्ष। ओह, कहते है, "उनके—उनके पास महान संस्थाये हैं। वे—वे—वे—वे *इसमें* सहायता करते है। और रेड क्रॉस इसका अनुमोदन करता है। और सारे विद्यालय, वे... यहां पर देखिए!"

ओह, परंतु बस एक वचन का इनकार बस मरने के लिए आपको इतना ही करना है; कोई मतलब नहीं कितने बुद्धिमान है, ये कितना अच्छा है। यीशु ने कहा, "एक थोड़ा सा खमीर सारे आटे को खमीर कर देता है।" खमीर का छोटा अंश सारे आटे को नष्ट कर देता है। परमेश्वर का एक वचन हटाना, सारे चित्र को खराब कर देता है। क्या हो मेरा हाथ वहां है जो मेरा पैर होना चाहिए? समझे? क्या हो यदि मेरा कान यहां नीचे हो जहां मेरा हाथ होना चाहिए? "थोड़ा सा खमीर सारी गुंधे आटे को खमीर कर देता है।"

कहते है, "आप कैसे जानते हैं कि यह ठीक है? " परमेश्वर इसे सिद्ध करता है कि ये ठीक है। वह इसे न्याय संगत करता है। उसने कहा वह यहां वचन में है, तब वह इसे सिद्ध करता है। इस प्रकार से हम जानते हैं कि ये सही है या नहीं।

बस एक वचन का इनकार करना सारे को मृत्यु में ले जाता है। ये वही दुष्ट युग में वही परिणाम लाता है, आत्मिक मृत्यु, जैसे ये समस्त मानव जाति में शारीरिक लाया।

116 ध्यान दें शैतान कैसे नूह के इस वैज्ञानिक युग को वापस लाया, अपनी खुद के समझ में चले गए। हुंह! बाईबल हमें बताती है, नीतिवचन में, "अपनी ही समझ का सहारा ना लेना।" और, "मनुष्य का वचन झूठा हो, और परमेश्वर का सच्चा।" परंतु शैतान, अपने ज्ञान के द्वारा, आरंभ से ही अदन वाटिका में, लोगों को उनकी समझ के सहारे पर लाया। और आप जानते हैं, उसके महान मेक्स फेक्टर के कार्य के द्वारा जो ये उसके पास पहले था, उसने स्त्री को इतना सुन्दर बनाया जिसके कारण मनुष्य का पुत्र... बल्कि परमेश्वर के पुत्र पाप के लिए गिरे और उन से विवाह किया। सही है। वह... स्त्रियां इतनी अच्छी, बहुत सुंदर थी।

117 अब आज आप सड़क पर एक साधारण स्त्री को ले। आप में से बहुतों ने कहानी पढ़ी है; आपने इसे कभी नहीं सुना, क्योंकि ये मेरे दिन से पहले है। पर्ल ओ ब्रिएन, कितनों ने उसके विषय में सुना है? निश्चय ही। वह संसार की सबसे सुन्दर स्त्री समझी जाती थी। क्यों, वहां स्कूल के बालक नहीं थे जो आज विद्यालय जाते है परन्तु वे उससे दुगने सुन्दर थे जितनी वह थी। ऐसा क्यों है? स्त्रियों को अन्त के दिनों में ही सुन्दर होना है।

उन्होंने अपने बाल काट लिए। उन्होंने छोटी लड़कियों के वस्त्र पहन लिए। उन्होंने छोटे कपड़े, और नहाने के वस्त्र, और आप उन्हें, जो भी कहते है। रंग लगाना, और विलासी, और इस प्रकार की चीजें, स्वयं को कुछ ऐसा बनाना, जैसी वे है नहीं। समझे? परंतु विज्ञान के ज्ञान से वे इसे प्राप्त करने के योग्य हो गए। क्या आप जानते हैं स्त्रियों के श्रृंगार पर अधिक खर्च होता है, संयुक्त राज्य में, जितना जीने पर खाने पर खर्च होता है, उसका दुगना या तिगना अधिक? ये सिद्ध होता है, कि ये सही है, श्रृंगार पर।

118 ध्यान दें, "परमेश्वर के पुत्रों ने मनुष्य की पुत्रियों को देखा," परमेश्वर की पुत्रियों को नहीं, "मनुष्यों की पुत्रियों को, कि वे सुंदर थी," और परमेश्वर के पुत्रों के मोह में गिरने का कारण बनी। "और उस प्रकार की स्त्रियों को लेकर विवाह किया," और इससे व्यभिचार का युग लाया गया जैसा की ये आज है; जैसा की सदोम में था, जैसी की आज के लिए भविष्यवाणी की गई।

कि, पुरुष और स्त्रियां आज के दिन स्त्रियों को बदलते है। यदि वे इस पत्नी को पसंद नहीं करते, तो वे—वे रेनो, निवांडा चले जाते है, और

विवाह करते है; और, या तलाक लेते है, उससे और पन्द्रह मिनट में फिर विवाह कर लेते है। और स्त्रियां इतनी सुंदर वे लगभग भुलाई नहीं जाती। और ये क्या है? शैतान! देखिए शैतान अब भी सुंदरता में है? ध्यान दें।

119 ध्यान दें, वह पाप उनके लिए कभी क्षमा नहीं किया गया। ये सुंदर, वैज्ञानिक युग बहुत ही दुष्ट युग था जिसे परमेश्वर ने उसे पृथ्वी पर से मिटा दिया; उस सुंदर, वैज्ञानिक युग को। यीशु ने कहा ये मनुष्य के पुत्र के आने से ठीक पहले फिर से होगा। ये ठीक बात है? ध्यान दें, यीशु ने कहा, "जैसा नूह के दिनों में था, वैसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा," जब वे विवाह करने के यत्न में होंगे... अब ध्यान दें, "परमेश्वर के पुत्रों ने मनुष्य की सुंदर पुत्रियों से विवाह कर लिया," और परमेश्वर ने इसके लिए उन्हें कभी क्षमा नहीं किया।

120 वैसे ही जैसे बालाम की शिक्षा थी, उसका सुंदरता का कारण, बुद्धिमान, मोआब की वैज्ञानिक स्त्रियाँ कि... अपनी चकमक आंखों के साथ, उसके रंग और पाउडर, उसकी अच्छी सुगन्धें, कि परमेश्वर के पुत्रों को सम्मोहित करना; उनकी अपनी स्त्रियों के विरुद्ध जिन्होंने काम किया, और उनके हाथ कठोर थे, कोई श्रृंगार नहीं। उन्हें सम्मोहित किया, और, "आओ हम एक दूसरे से विवाह करें, क्योंकि हम सब एक ही लोग हैं।" यह झूठ था! यह एक—एक झूठ था, और शैतान की उपलब्धि थी, कि परमेश्वर के पुत्रों से विवाह कराये उन—उन मनुष्यों की पुत्रियों से।

यह शैतान का झूठ था, क्योंकि बालाम, झूठा भविष्यवक्ता था, जिसने मूसा के विरुद्ध भविष्यवाणी का यत्न किया जिसने कुल मिलाकर उसने दौड़ को रोकने का यत्न किया; कहकर, "अच्छा, हम एक ही परमेश्वर में विश्वास करते हैं। हम एक ही चढ़ावा चढ़ाते है। हमारे बलिदान एक ही है। हम सारी चीजें एक सी करते है।"

"इतना मिलता हुआ कि यदि हो सके तो चुने हुओं को धोखा दे दे।" समझे? [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] समझे? लोगों, उससे दूर हटो! आपका उसके साथ कोई मतलब नहीं!

121 ध्यान दें, यह संभव नहीं था कि परमेश्वर अपने वचन का अनुवाद कैन के दुष्ट वंश पर करता। नहीं। परमेश्वर अपने वचन का अनुवाद उनके लिए नहीं करेगा। ध्यान दें... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

परमेश्वर, ज्ञान की संसार को इतना सुंदर और वैज्ञानिक और पापमय बनाए, उसे इसे नष्ट करना ही था? क्या परमेश्वर यह करेगा, संसार को इतना सुंदर बनाया; इधर देखिए, परमेश्वर ने अपनी पुत्रियों को इतना सुंदर बनाया, और उन्हें इतने कामुक वस्त्र पहनाये, कि उसके पुत्र उन पर मोहित हो जाए और व्यभिचार करें? क्या? परमेश्वर ऐसी चीजें करता है?

ये नंगी, लौदीकियायी उतरे कपड़े वालों का झुंड, इस संसार के ईश्वर की आराधना कर रहा है, अपने आचार शास्त्र के द्वारा, और शिक्षा, और धूर्तता, और सुंदरता! "उससे बाहर निकलो," बाईबल ने कहा, "उसके पापों में भागी ना बनो, और उसकी विपत्ति को ग्रहण ना करो।" एक दिन परमेश्वर आकाश से ओले बरसायेगा, बड़े–बड़े एक–एक टुकड़ा सौ पौंड का, और उसे पत्थरवाह करके नष्ट करेगा; जैसा कि सदा उसके वचन ने कहा है उसने किया, उसकी व्यवस्था।

ठीक है, यदि परमेश्वर ने ऐसी चीज की है, अपने वचन को इस प्रकार के लोगों पर प्रगट किया है, तो वह अपने ही उद्देश्य से पिछड़ जाएगा—जाएगा। परमेश्वर मूर्ख नहीं है। वह समस्त बुद्धि को स्रोत है।

इसलिए आप देखिए ये चीज कहां से आती है? ये शैतान से आती है, और ये अब भी शैतान का है। और कलीसिया ने इसका विश्वास किया है।

122 अब आप एक स्त्री को देखते है, मैं अपने पूरे यत्न से आपको परमेश्वर का वचन दिखाना चाहता हूं। बाईबल ने कहा, "यदि स्त्री अपने बाल काटे तो वह अपने सिर का अपमान करती है," जो कि उसका पति है। और उसका पति सिर है, परमेश्वर के साथ, इसलिए वह परमेश्वर और अपने पति का अपमान करती है।

123 अब ये दर्शाता है कि इस संसार की कलिसियायी तंत्र का सिर कौन है। ये दर्शाता है इसका सिर कौन है। ये शैतान, श्रेष्ठ व्यक्ति के रूप में, ज्ञान का व्यक्ति, एक उच्च ज्ञान। वह उन बाकी के सभी से अधिक जानता है। कोई मतलब नहीं वचन क्या कहता है, उसका—उसका इसके लिए अपना ही अनुवाद है, देखिए, इस दुष्ट युग के लिए अनुवाद।

124 ध्यान दें उसकी योजनायें उच्च श्रेणी का नामधारी कलीसिया, संसार की कलिसियाओ की महासभा, देखिए, एक शानदार नामधारी, ताकि समस्त संसार उसकी आराधना करेगा, पशु की संयुक्त मसीहत के तले। क्या आप

इसे बाईबल में पढ़ना चाहेंगे? प्रकाशितवाक्य 13:6 और 8। यह बाबुल की आधुनिक मीनार है।

125 क्या आपको स्मरण नहीं कि कैसे वह निर्मोद, वह ढोंगी, उसने यह बड़ी मीनार बनाई और दूसरे छोटे नगर बसाएं कि उसे चुंगी दे? बाबेल और बाबुल एक ही चीज है। यह बस नामों का बदलाव है, और, जैसे कि ये ऊपर आया। ये, अब रोम बाबुल है। और समस्त संसार बाबुल में लाया गया, और ये समस्त संसार की कलिसियाओं की महासभा के द्वारा लाए गए जो कि उनमें से प्रत्येक को उसके अधीन कर देगी। और आप ने पशु की छाप ले ली, ये ना जानते हुए कि आप क्या कर रहे है। क्योंकि...

परंतु वे जो चुने हुए हैं वचन को सुनेंगे वचन को सुनेंगे और उससे बाहर आयेंगे।

126 नामधारी परमेश्वर के वचन के कितना विपरीत है! उसके पास एक भी नहीं था, एक में भी मतलब नहीं रखा, एक से भी कभी व्यवहार नहीं किया। मैं चाहता हूं कि कोई इतिहासकार मुझे दिखाएं कभी कोई भविष्यव्यक्ता कलीसिया से निकल कर आया। मुझे कहीं दिखाएं जहां किसी कलीसिया को कभी परमेश्वर ने... उसके संस्थागत होने के बाद आशीषित किया। वह अलमारी की ताक में चली गई और मृत हो गई, शैतान की ओर से चतुर बुद्धी के साथ, अपने अगुवो के द्वारा, और जैसे ही ये मसीह के सिद्ध डील डोल में बढ़ा परमेश्वर के वचन का इनकार किया। अब ये सिर पर है। कितना विरोधात्मक!

अविश्वास कर रही हवा से अलग हो जाओ, तुम सांझ के उजियाले के बालको!

127 शैतान, इस युग का ईश्वर, अपने ज्ञान के द्वारा, लोगों को भले और बुरे के मिलावटी वृक्ष से खिला रहा है। ध्यान दें, शैतान, अपने ज्ञान के द्वारा, इस दुष्ट युग के लोगों को भले और बुरे के वृक्ष से खिलाने का कारण हो रहा है। वह कहता है कि वह एक महान मसीही सभ्यता को बना रहा है, अपने भले और बुरे ज्ञान के द्वारा, एक महान मसीही सभ्यता।

128 परंतु मसीह की छोटी कुंवारी, वचन, झुंड, दुल्हन उसके ज्ञान की चिंता नहीं करती। वह उससे स्वयं को स्वतंत्र रखती है। क्या है... अब आइए उसके विषय में एक मिनट बात करें। वह अपने स्वामी की प्रतीक्षा

करती है और उसकी सह–शताब्दी के प्रमोद काल के लिए, ठीक, वचन दुल्हे के संग, जैसे कि वह वचन दुल्हन है।

129 ज्ञान और सभ्यता, और सच्ची मसीहत का कोई भी मेलजोल नहीं है। सभ्यता, और सच्ची मसीहत की एक भी चीज़ मेल नहीं खाती।

सभ्यता ज्ञान के द्वारा। हम सब ये जानते हैं। और ज्ञान अदन से है, ये जो अदन में प्रचार हुआ, उसके द्वारा ये सिद्ध हो गया। और ज्ञान मृत्यु का कारण हुआ। क्या ये ठीक बात है? अदन की वाटिका में मृत्यु का क्या कारण था? ज्ञान। परन्तु ये परमेश्वर का नहीं हो सकता, इसलिए ये शैतान का है। ओह, क्या ये अच्छा था! ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा, सबसे बड़ी रूकावटें जो कभी परमेश्वर को हुई थी। ये शैतान का है।

अब मुझे इस पर कुछ पत्र मिलेंगे, मैं जानता हूं। मैं उनकी प्रतीक्षा कर रहा हूं।

130 देखिए सभ्यता हमें अब कहां पर ले गयी है। समझे? देखिए इसने क्या किया। हम कहां पर हैं? हम उन चीजों की ओर झुक गए, अपने विज्ञान के अपनी खुद की समझ के द्वारा।

आप कहते है, "परमेश्वर के विषय में क्या है, आप सोचते हैं कि वह अज्ञानी है? " ओह, नहीं।

परमेश्वर पृथ्वी पर अपनी ही तरह की सभ्यता को स्थिर करेगा, जब वह इसे ले लेगा। यह शैतान का संसार है; अब वह अपने सांसारिक वैज्ञानिक ज्ञान का ईश्वर है। परंतु परमेश्वर अपनी ही सभ्यता स्थिर करेगा। यह इस प्रकार की सभ्यता नहीं होगी। आप बस इसे स्मरण रखें। ये जैसी सभ्यता आज हमारी है इस प्रकार कि नहीं होगी। नहीं, नहीं। ये उसके वचन के अनुसार और उसके उद्देश्य के अनुसार होंगी। क्योंकि, इस वर्तमान दुष्ट युग का ईश्वर नष्ट कर दिया जायेगा, और उसका राज्य उसके संग।

131 ये आधुनिक ज्ञान प्रेमी युग इससे अच्छा अगुवा नहीं पा सकते जो उनके पास है, शैतान, परमेश्वर के वचन को दूषित करने वाला, जैसा कि उसने अदन की वाटिका में आरंभ किया, परंतु एक धार्मिक व्यक्ति अपनी ही समझ पर भरोसा रखता है।

मैंने पहले भी कहा है, नीतिवचन 3:5, "हमें अपनी ही समझ का सहारा नहीं लेना है।"

उनके पास ईश्वर होना ही है, क्योंकि वे मनुष्य है। फिर भी, उसने उन्हें वही बनाया जो वे होना चाहते हैं। मनुष्य होने के नाते, सदा, सारी मनुष्य जाति... जब हम यहां आते हैं, हम पाते हैं कि इंडियन लोग भी मूर्ति पूजा करते हैं, और सूर्य, और हर चीज की। एक मनुष्य होने के नाते, उनके पास परमेश्वर होना ही चाहिए। इसलिए इस बड़े बुद्धिमान युग के पास ईश्वर होना ही चाहिए, इसलिए ये हो गया... ज्ञान इस संसार का ईश्वर बन गया, नामधारी, विज्ञान, "भक्ति का भेष तो धरते है, परन्तु उसकी सामर्थ का इनकार करते है।"

132 ध्यान दें, उनका ईश्वर उन्हें वही बनाता है जो वे चाहते हैं। वे शरीर की लालसा करते हैं, और वही वह उन्हें देता है। "वे छोटे वस्त्र पहनना चाहते हैं। उन्हें पहनने दो। समझे? यदि वे *ये* या *वह* करना चाहते हैं, उन्हें करने दो। नहीं इसमें कोई हानि नहीं; वे आराधनालय जाते हैं। उसकी मां मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, पेंटीकोस्टल, प्रेसपिटेरियन थी। बस उन्हें उनके हाल पर छोड़ दो।"

इस युग का यही ईश्वर है; तेज, बुद्धिमान वैज्ञानिक। इसे विश्वास की आवश्यकता नहीं। इसे कुछ सिद्ध नहीं करना। ये पहले ही सिद्ध है, उनके ज्ञान के द्वारा। "अरे, हम तो वहां नगर में सबसे बड़ी कलीसिया है, " उनका ज्ञान। "हमारे पादरी के पास डी.डी., पीएच.डी है।" देखिये, विश्वास की आवश्यकता नहीं; ज्ञान पर भरोसा है। उन्हें किसी भी प्रकार से जीने दो, जब तक वे उसकी आराधना अपने नामधारी मतसार के द्वारा करने आते हैं। वहां वह बड़ी काली आंखें है, परंतु इसकी ओर देखिये।

परमेश्वर के वचन पर हंसते है, परमेश्वर के वचन के विरुद्ध बातें करते हैं; और परखते है, अपने ज्ञान के द्वारा, कि वैज्ञानिक रीति से सिद्ध करें कि वचन सत्य नहीं है। ओह, कैसा युग है जिसमें हम रह रहे है! देखिए इस युग के परमेश्वर को देखिये?

133 ध्यान दे, परन्तु परमेश्वर प्रतीक्षा कर रहा है जब तक कि इन आधुनिक अमोरियो का घडा भरे। चिन्ता ना करें, उसका मूसा उस समय पर तैयार रहेगा। वहां एक निकासी होगी, किसी दिन उस प्रतिज्ञा के देश को। वहां एक मूसा आएगा, जो बाहर बुलाएगा बालकों के, "विश्वास को पूर्वजों के विश्वास पर फिर स्थिर करेगा।" ये इन्हीं किन्हीं दिनों में आएगा। क्या...

आपने कहा, "तो, देखिए हम कैसे उन्नति कर रहे है।"

निश्चय ही, अमोरिया का अधर्म अभी पूरा नहीं हुआ। ये इन्हीं किन्हीं दिनों में आयेगा। उन्हें स्वयं को नष्ट करने दो।

134 सभ्यता, ज्ञान, परमेश्वर के वचन को दूषित करते हैं कि अपने इच्छा के अनुरूप हो। हर नामधारी वही चीज को करता है। तब शैतान अपने खुद के ज्ञान का सुसमाचार प्रचार अपनी खुद की कलीसिया में करता है।

135 नए नियम में केवल दो वर्ग के लोगों के विषय में बोला गया है। "परमेश्वर के बालक, और शैतान के बालक।" क्या आप ये जानते हैं? आप इसके लिए पवित्र वचन लिखना चाहते हैं? पहला यूहन्ना 3:10, यदि आप वचन चाहते हैं। मैं ठीक यहां पढ़ रहा हूं, यहां लिखा हुआ है। ठीक है। ठीक है।

136 इफिसियों 2:2, वे कहलाते है, "अवज्ञा की संतान।" जैसे हवा थी, परमेश्वर के वचन को तोड़ने वाली। आज्ञा की संतान, और अवज्ञा की, कुछ भी मेल नहीं खाता।

तो फिर मसीही की दुल्हन कैसे नामधारी से संबंध रख सकती है, जब कि एक आज्ञा तोड़ने वाली और दूसरी आज्ञाकारी? वह कैसे वचन हो सकता है; और दूसरा वाला, वचन दूषित किया हुआ? कैसे एक वैश्या और शुद्ध स्त्री एक सहमति में एक साथ चल सकते हैं? वे यह नहीं कर सकती। उनकी बिल्कुल कोई संगति नहीं है। "उनके मध्य से बाहर आ जाओ!" ये शैतान का है। यही पशु की छाप है। अब उसी में बढ़ रहे है; सारे नामधारी। मैं चिंता नहीं करता ये कौन है।

परमेश्वर एक नामधारी को नहीं ले रहा है, "एक लोग उसके नाम के लिए।" एक नामधारी इन सच्चाइयों को स्वीकार नहीं करेगा। ये व्यक्तिगत को लेगा जो परमेश्वर को देख सकता है, उसके वचन को देखता है और उसका विश्वास करता है, और किसी संस्था से संबंधित नहीं है; परंतु परमेश्वर के लिए जीता है, उसकी संस्था के लिए नहीं। किसी बिशप की ज्ञानी बुद्धि या इसे कुछ तो सिखाया गया। ये ठीक बात है।

137 अवज्ञाकारी की संतान, और आज्ञाकारी की संतान का कोई भी मेल नहीं होता है। एक... दिन की ज्योति है; और दूसरा एक, रात्रि और अंधकार, दुष्ट युग, अंधकार का ये दुष्ट युग, रात्रि क्लब, नाच, फिर भी कलीसिया से जुड़े हैं। ये उनके ईश्वर के साथ ठीक है। वे इस विषय में कोई दोष नहीं लगाते; उन्हें कुछ परेशानी नहीं।

"क्यों, मेरे बाल काटने पर ये मुझे दोषी नहीं ठहराता," एक स्त्री ने कहा। "मेरे विवेक पर चोट ना करें।" उसके पास कोई विवेक नहीं जैसे एक सांप के पास टांगे। ये ठीक बात है। निश्चय ही नहीं। वह नहीं जानती कि विवेक क्या होता है। वह इतनी जोर से टांगा गया है यहां तक कि वह ये नहीं जानती कि ये क्या है। ये ठीक बात है।

138 परमेश्वर के वचन के आसपास घूम रहे है, कह रहे हैं, "क्यों, वे कुछ पुराने तकियानूसी। वहां ना जाए; वे बस शोर करने वाला झुंड और जो भी हो करते जाओ।" हुंह! परमेश्वर के विषय में कुछ नहीं जानते जैसे अफ़्रीकी जाति मिस्र के योद्धा के विषय में। यह ठीक बात है। यह सत्य है।

"भक्ति का भेष धरते हैं, परंतु उसकी सामर्थ का इनकार करते हैं; ऐसो से परे रहो। क्योंकि ऐसे ही लेते हैं जो घर–घर फिरते, और मूर्ख स्त्रियों को अगुवा करते।"

"ओह, प्रिय, आपको, आपको *ये* करना चाहिए। ओह, प्रिय, मैं सोचता हूं तुम पुराने तकियानूसी प्रचारक वहां हो, यदि तुम बस... ओह, तुम छोटी कच्छी में सुंदर लगोगी," या आप उस चीज को जो भी कहे। "आप, यदि आप *ये, वह* और *इत्यादि* सब करें। क्यों, एक छोटी सिगरेट किसी को हानि नहीं पहुंचाएगी। मैं एक कलीसिया से हूं, और आप जानते हैं हमारा नामधारी ऊपर दिखाई पड़ता है जैसे किसी का भी।" आप उस पुरानी रंगी हुई का विश्वास ना करें झूठी है। वह आपसे झूठ बोल रही है। ये ठीक बात है। जी हां, श्रीमान।

139 ये उनके ईश्वर के साथ ठीक है। ओह, वह सोचता है ये अद्भुत है, और वे इसके लिए उससे प्रेम करते हैं।

ओह, वे आप से विवाद करते हैं। वे सामना करेंगे और आप इसके लिए आपसे विवाद करेंगे। क्यों निश्चय ही शैतान यीशु मसीह के सामने खड़ा हुआ, वचन के, और कहने का यत्न किया कि, "ये लिखा है।"

और वह वहां परमेश्वर का प्रमाणित वचन था। उसने कहा, "शैतान, मेरे सामने से दूर हो!" थोड़ा चला और वही बात की।

जैसे कि एक बार एक व्यक्ति ने मुझसे कहा, "अब, यदि आप ये विश्वास करते हैं कि पवित्र आत्मा का बपतिस्मा ठीक है, और आप विश्वास करते हैं कि आपके पास है," बोला, "अब तुम मुझे अंधा कर दो।" ये एक प्रचारक

था। कहा, "तुम मुझे अंधा करो!" उसने कहा, "पौलुस ने किया एक दिन एक—एक व्यक्ति को।"

140 मैंने कहा, "श्रीमान, मैं आपको कैसे अंधा कर सकता हूं जब कि तुम पहले ही अंधे हो? मैं आप को कैसे मार सकता हूं जबकि आप पहले ही मरे हुए हैं? " हूं–हुंह।

उसने कहा, "मुझे, मेरी आंखें बीस–बीस है!"

मैंने कहा, "तुम्हारा शारीरिक भाग; परंतु आप अब भी अंधे है।"

"यह असंभव है! बाईबल चीजों का अनुवाद नहीं करती। हम वहीं बोलते हैं जहां बाईबल बोलती है, और शांत रहते है जहां ये शांत है।"

141 मैंने कहा, "ठीक है, जब एलिय्याह वहां दोतान में—में था, देखिए, वहां सारी आरामी सेना चारों ओर है। और सेवक दौड़ा बोला, 'ओह, मेरे पिता!' कहा, 'मेरे पिता,' कहा, 'आरामी हमारे चारों ओर है।'"

"एलिय्याह ने उसकी आंखें मली, जगाया और कहा, 'जो उनके साथ है उनसे बढ़कर हमारे साथ है।'"

"उसने कहा, 'मैं किसी को नहीं देखता।'"

"कहा, 'परमेश्वर, इसकी आंखें खोल दें।' अब, वह अंधा था। उसने चारों ओर घूम कर भविष्यव्यक्ता को देखा, और वहां पहाड़ों पर; दूतो और अग्निमय रथो से भरे थे, और अग्नि के घोड़े।"

"और वो बाहर निकल गया, और बाईबल ने कहा, 'उसने उन्हें अंधा कर दिया।' किसके लिए अंधा किया? अपने लिए। वह बाहर निकला, बोला, 'क्या तुम एलिय्याह को ढूंढते हो?'"

"'हां, हम उसी को खोज रहे है।'"

"कहा, 'आओ, मैं तुम्हें दिखाऊंगा कि वह कहां है।' एलिय्याह उनकी अगुवाई एलिय्याह की ओर कर रहा है। अंधे!"

मैंने कहा, "आप जानते हैं कि मैं आपसे क्या कहने जा रहा हूं? ठीक वही जो मेरे प्रभु ने तुम्हारे पूर्वजों से कहा, 'मुझसे दूर हो हो।'" हूं–हुंह। हूं–हुंह।

142 ध्यान दें, आज्ञाकरिता और अवआज्ञाकरिता के, बालकों का कोई साझा नहीं। अवाज्ञा वाले अपने ईश्वर की आराधना करते हैं। "ओह," वे कहते है, "हम बाईबल का विश्वास करते है।" जी हां, ये मिलावटी वृक्ष।

देखिए, उन्होंने संसार और ज्ञान को इस में मिला दिया है। शैतान का वृक्ष, मिलावट; देखिए, उसने शैतान के वृक्ष से लिया, अच्छे और बुरे। "ओह, हम वचन का विश्वास करते है।" निश्चय ही, परंतु सारे का नहीं। हव्वा ने भी वचन का विश्वास किया, परंतु—परंतु शैतान ने अपना वृक्ष लिया और इसे थोड़ा मिलावटी कर दिया। यही है जो।

"कोई भी एक वचन मिलाएगा, या इसमें से वचन निकालेगा।" वह अब भी कल, आज और सर्वदा एक सा है! ध्यान दें। ठीक है।

143 ये दुष्ट युग अंधकार का है, फिर भी कलीसिया से जुड़ा है। उनका ईश्वर, वे इसके लिए उससे प्रेम करते हैं, जिस प्रकार से वह उन्हें करने देता है। उन पर कोई दोष नहीं। उन्हें कुछ चिंता नहीं जब तक वे कलीसिया से जुड़े हुए हैं।

बालाम ने कलीसिया को यही चीज सिखाई। "हम मिले; हम सब एक ही है।" यह अंतिम चाल थी। परमेश्वर ने उन्हें कभी क्षमा नहीं किया कि इस प्रकार के झूठ का विश्वास कर रहे थे।

144 स्मरण रखे, यह बाईबल में, तीन बार ना क्षमा होने वाला पाप था, कोई भी व्यक्ति परमेश्वर के वचन में अपने अनुवाद का एक शब्द भी बढ़ाएगा उसके सत्य प्रमाणित हो जाने के पश्चात।

अदन वाटिका में, ठीक, अदन की वाटिका में, एक वचन मिलाया गया मृत्यु का कारण बना।

जब बालाम ने वचन जोड़ा, जो कि, "हम सब एक से है," वे, परमेश्वर ने कभी भी इसके लिए इस्राएल को क्षमा नहीं किया। उन में प्रत्येक जगह में मर कर नाश हो गए, सिवाये उन तीन के जिन्हें परमेश्वर निकाल कर लाया था।

यीशु ने कहा, "उनमें से प्रत्येक मर गया," यह अनंत अलगाव हुआ। वे सब चले गए; कभी क्षमा नहीं किए गए। यह ना क्षमा होने वाला पाप है; उन्हें कभी क्षमा नहीं किया गया। ओह, प्रभु!

सांझ के उजियाले के बालको, इससे भागो!

145 अब देखिए इस आधुनिक, धार्मिक, दुष्ट युग का कौन अगुवा है? यह शैतान है, अच्छे और बुरे वृक्ष से ले रहा है, और उसे वहां रख रहा है, ध्यान दें, अपनी सुंदर दुल्हन कलीसिया को सर्वभाव सभा में याने एकुमेंसिकल

संगठन में विवाह के लिए ला रहा है। यह अच्छा है। उसकी सुंदर वैज्ञानिक कलीसिया, सारी उन—उन—उन उपाधियों के साथ जो ली जा सकती है; पीएच.डी चर्च ऑफ क्राइस्ट से बाहर, पीएच.डी बैपटिस्ट से बाहर, प्रेसपिटेरियन, पेंटीकोस्टल, और सब। उन सब को ला रहे हैं, अपनी सजी हुई तड़क भड़क के साथ, और बड़ी कलिसियाये, सब एक्यूमेनिकल सभा के लिए, "हम एक है।" ये उन्हें कभी क्षमा नहीं किया जाएगा। एक नामधारी, नामधारी की छाप पहने को, पशु की छाप है। इसके द्वारा हमने सब कुछ कर लिया है यहां पर; कि इसे करें। भागो, बालकों, इससे भागो! समझे? महान, सुंदर कलीसिया एक्यूमेनिकल विवाह, छाप पहने हुए है!

छोटे कपड़े, निश्चय ही, सांसारिक वस्त्र, कामुक, रंगे हुए, वास्तव में शैतान के अच्छे चेले, कि परमेश्वर के पुत्रों को पकड़े; अच्छा पूरा–जन्मा लड़का को ब्याह लिया किसी पुराने भ्रष्टाचारी जैसे। ये ठीक बात है। क्या...

146 आपने कहा, "बाल कटाना, उससे क्या करना है? "

भाई, एक मिनट के लिए हम यहां रुके। मैंने अनुभव किया है कोई इससे बुरा मान गया। संभव है बाहर कहीं संचार पर हो।

सुनिए। स्त्री के लिए बाल नाजीर की वाचा है। शमसून के लिए बाल नाजीर की वाचा थी। और जब स्त्री अपने बाल काट लेती है, वह—वह पूरी से अपने नाजीर की वाचा का इनकार करती है कि वह मसीह की दुल्हन है। क्योंकि वहां एक चीज है, उसने सारा चित्र बिगाड़ दिया। सही में! एक *नाजीर* वह है "जो उद्देश्य के लिए पवित्र है।" क्या ये ठीक बात है? शमसून एक युग के लिए पवित्र किया गया और एक उद्देश्य के लिए, इसलिए उसके बाल लंबे थे। एक स्त्री जो परमेश्वर की पुत्री है, उसके बाल बढ़ने दे, ये दर्शाने के लिए कि वह परमेश्वर के प्रत्येक वचन के लिए पवित्र है।

147 यदि वह इसे काटती है, तो मैं चिंता नहीं करता कि वह कितना नाचती, गाती, समूह गान मंडली में, अन्य भाषा बोलती, इधर–उधर दौड़ती, और सहायता वाली संस्थाओं में है, वह मरी हुई है। यही **यहोवा यों कहता है**, है परमेश्वर का वचन। पहला कुरिन्थियों 14। जी हां। उसने अपनी नाजीर की वाचा का इनकार कर दिया और आधुनिक युग के ईश्वर को बिक गई। वह ये करती है। अब, महिलाओ, स्त्रियों आपके लिए लज्जा की बात है!

148 वास्तव में परमेश्वर के पुत्रों को फंसाने वाली, जैसे कि था। जैसा यीशु ने कहा, "जैसा नूह के दिनों में था, सुंदर स्त्रियां, और परमेश्वर के पुत्रों ने उनसे विवाह करना आरंभ कर दिया, ऐसा ही मनुष्य के पुत्रों के वापस आने पर होगा।" और उनके ईश्वर सोचते हैं ये महान, और सुंदर, और वैज्ञानिक, ज्ञान; हॉलीवुड चलन, अपने दुकान में अपनी रीति से, निश्चय ही, यहां यह सब चलता है और चीजें, आप जानते हैं।

149 और वह उसकी कलीसिया इससे प्रेम करते है! ओह, प्रभु! "मैं यह आपको समझने के लिए दूंगा, मैं मैथोडिस्ट हूं। मैं प्रेसबीटेरियन हूं। हमारे पास्टर के पास अच्छी समझ है बजाये कि मैं इस प्रकार की बात कहूं।" उसके पास बातें करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है जो परमेश्वर तब कहता है। समझे?

150 वह, कलीसिया, साधारणता में उसकी आराधना करती है। वह इसे प्रेम करती है। बस वह यही चाहती थी! वह किसी के साथ नहीं जुड़ेगी, भाई, या किसी में नहीं जाएगी उसे तो ऐसा व्यवहार करना है कुछ तो भिन्न उससे जो यह आधुनिक ईजाबेल है, क्योंकि यही स्वभाव है जो उसमें है।

कैसे आप किसी स्वभाव के हो सकते है... "कौन अपने कद में एक फुट बढ़ाने का विचार ले सकता है? " यदि आप पांच फुट लंबे होने को जन्मे है, तो आप छह फिट के लम्बे नहीं होंगे। ओह, हां, जैसे बोथ क्लीबोर्ण की "खिचने वाली मशीन।"

151 तब सुन, मनुष्य, तुम आवाराओ का झुंड! यदि आप एक बन कर जन्मे है, तो मनुष्य जैसा व्यवहार करो। तो मनुष्य जैसा व्यवहार करो ये लटे आपके चेहरे पर लटकी है, और घूमी हुई जैसे यौन आकर्षण, क्यों, तुम व्यभिचारी सांप की संतान! जो भी है तुम्हारे साथ क्या मामला है?

मेरा परमेश्वर किसी दिन आग से इस राष्ट्र का न्याय करेगा। वह इसे समुद्र के नीचे डुबा देगा। उसके न्याय की घड़ी अब समीप है। सारा संसार जान जाएगा।

